आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 6, अंक 209, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 16

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 14

# भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी को बताया बेस्ट पीएम

कनाडा। जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

नई दिल्ली/कनाडा। प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

### ट्रंप को दी जानकारी- पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

## संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून की एंट्री, कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।



### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।



- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी अस्पताल में चल रहा इलाज

# बड़े विमानों के परिचालन में 15 % की कटौती करेगा एअर इंडिया

मुंबई, एजेंसी

- 20 जून से मध्य जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में जारी रहेगी कटौती, पिछले छह दिनों में 83 उड़ानें हुईं रद्द

एअर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े विमानों के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती करने वाली है। यह कटौती मौजूदा समय से जुलाई के मध्य तक लागू रहेगी।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने एक बयान में यह भी कहा कि वह अतिरिक्त एहतियात के तौर पर बड़े बोइंग 777 विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाएगी। एअर इंडिया ने हाल में परिचालन संबंधी व्यवधानों का सामना किया है, पिछले छह दिनों में इसकी कम से कम 83 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन के अनुसार, कटौती अभी और 20 जून से लागू की जाएगी और उसके बाद कम से कम जुलाई के मध्य तक जारी रहेगी। अहमदाबाद से गैटविक जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार 241 लोगों समेत कुल 280 व्यक्ति मारे गए थे। देर शाम जारी बयान में एअर इंडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग स्टाफ और एअर इंडिया के पायलटों द्वारा आवश्यक सावधानी बरती जा रही है।



# मतदाताओं को 15 दिनों में मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव भी शामिल हैं।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

# 15 अगस्त से 15 रुपये में होगा टोल क्रॉस

- केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वार्षिक आधारित फास्टैग पास की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

निजी वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर अब भारी भरकम बचत होने जा रही है। केंद्र सरकार की नई नीति के तहत 15 अगस्त से 3000 रुपये में फास्टैग आधारित वार्षिक पास जारी होगा। यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इस नई नीति के तहत वाहन चालकों को प्रति टोल क्रॉस करने के लिए औसतन 15 रुपये ही चुकाने पड़ेंगे।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने फास्टैग वार्षिक आधारित पास की बुधवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसे खासतौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए एक लिंक जल्द राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।




**जरूरी तथ्य**

- पास केवल कार/जीप आदि निजी वाहनों के लिए मान्य होगा। कॉमर्शियल उपयोग होने पर पास रद्द होगा।
- पास सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लागू होगा। राज्य राजमार्ग के लिए फास्टैग में अलग से बैलेंस होना जरूरी।
- अलग से फास्टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। पुराने फास्टैग पर ही पास लागू किया जा सकेगा।

गडकरी ने कहा कि यह नीति 60 किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करेगी। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।



### एनएच-राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है।

## आज का मौसम

तेज हवा चलने और भारी बारिश के आसार।



30.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से व्यापारी संवाद एवं सम्मान समारोह स्टेडियम रोड स्थित होटल जैस ग्रैंड में शाम 7 बजे।
- पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह गो संवर्धन के संबंध में चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए सर्किट हाउस में अफसरों से वार्ता करेंगे सुबह 11 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से।

## एक नजर

### 50 किलो पॉलीथिन जब्त 10 हजार का जुर्माना

**बरेली, अमृत विचार :** नगर आयुक्त के आदेश पर बुधवार को प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री कर वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। टीम को देखकर दुकानदारों में खलबली मच गई। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि शहामतगंज में टीम ने करीब 50 किलो पॉलीथिन को जब्त कर 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई है कि अगर पॉलीथिन में सामान की बिक्री करते पाए जाने पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

### सेटेलाइट पुल के नीचे गड्ढे से हादसे का डर

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट पुल के नीचे चौराहे के पास गड्ढे से हादसे का डर बना हुआ है। बारिश में पुल से नीचे पानी गिरने से गड्ढा बड़ा होने लगा है। पिछले साल यहीं पर गड्ढे में बाइक फिसलने से एक महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद गड्ढा भरा गया था लेकिन अब फिर अनदेखी की जा रही है। यह गड्ढा कैंट और पीलीभीत बाईपास की ओर से आने वाले वाहनों के मुड़ते समय पड़ता है। इसके अलावा भी शहर में कई जगह बारिश में सड़कें धंस गई हैं और कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इनसे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और हादसे का डर है लेकिन यहां पर बचाव के इंतजाम नहीं किए गए हैं।

# 14 सौ एकड़ भूमि पर कब्जा मिला नहीं, औद्योगिक आस्थान बसाने की तैयारी

## औद्योगिक विकास अनुभाग के संयुक्त सचिव ने यूपीसीडा और डीएम से सिविल सूट में लगने वाले समय की स्थिति पर रिपोर्ट तलब की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** फतेहगंज पश्चिमी स्थित रबड़ फैक्ट्री की करीब 1400 एकड़ भूमि पर राज्य सरकार अभी कब्जा नहीं ले पाई है। करीब तीन साल से जमीन पर कब्जा लेने के लिए सरकार की ओर से यूपीसीडा और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से बॉम्बे हाईकोर्ट में पैरवी कर रहा है लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है। वहीं, औद्योगिक विकास अनुभाग रबड़ फैक्ट्री की भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र बसाने की तैयारी में जुटा है। विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के समक्ष भी औद्योगिक आस्थान बसाने की पैरवी हो चुकी है।

अब औद्योगिक विकास अनुभाग के संयुक्त सचिव जयवीर सिंह ने यूपीसीडा और डीएम से सिविल सूट में लगने वाले समय व उसके पूर्व परिसीमा के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए तत्काल आख्या उपलब्ध कराने को चिट्ठी भेजी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा और जिलाधिकारी को भेजी चिट्ठी में औद्योगिक विकास अनुभाग के संयुक्त सचिव ने कहा है कि रीजनल



क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा बरेली की ओर से भेजे गए पत्र में जय एंड कम्पनी एडवोकेट एंड कंसल्टेंट्स मुम्बई की विधिक सलाह पर रबड़ फैक्ट्री की भूमि पर कब्जे के संदर्भ में सिविल सूट दीवानी न्यायालय में संस्थित करने का परामर्श दिया गया लेकिन जय एंड कंसल्टेंट्स के परामर्श का प्रस्तर-3 महत्वपूर्ण है, जिसमें कई बिंदु उठाए गए हैं। उसमें कहा है कि एडवोकेट ठक्कर ने यह भी बताया कि हरिहर नाथ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 446 के तहत छुट्टी देते समय, कंपनी कोर्ट सीमा के पहलू पर विचार कर सकता है, इसलिए, कंपनी अधिनियम की धारा 446 के तहत मुकदमा और छुट्टी के लिए आवेदन करते समय, सीमा के पहलू को सावधानी से निपटाया जाना चाहिए, क्योंकि प्रतियोगी पक्ष दावा कर सकते हैं कि राज्य को विभिन्न अवसरों पर कंपनी के समझौते के उल्लंघन और गैर-उपयोग के बारे में भी रचनात्मक ज्ञान था। बंधक समझौते के पंजीकरण के समय, डीआरटी रिसीवर के कब्जा लेने के समय, रक्षा प्रयोजन के लिए भूमि का हिस्सा लेने के समय भी जानकारी थी। हालांकि, रबड़ फैक्ट्री भूमि पर कब्जा लेना आसान नहीं दिख रहा है।

### विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में याचिका पर सुनवाई जारी

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में 25 अप्रैल को रबड़ फैक्ट्री प्रकरण पर समिति ने सुनवाई की। जिसमें संजय सिंह चौहान व अन्य की याचिका पर रबड़ फैक्ट्री की करीब 1400 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने को लेकर चर्चा की गई। याचिका के संबंध में अवगत कराना गया कि 1960 के आसपास फैक्ट्री लगी थी, राज्य सरकार ने भूमि अलॉट की थी। 1999 में यह फैक्ट्री बंद हो गई। उसके बाद से आज तक यह लैंड राज्य सरकार की है, लेकिन सरकार का पजेशन अभी तक नहीं हो पाया है। फैक्ट्री के मालिक ने बॉम्बे हाईकोर्ट में केस दायर किया है, जहां से यह आदेश पारित हुआ कि यह लैंड उनकी है। बॉम्बे हाईकोर्ट के इस आर्डर के बाद लैंड लिक्वीडेट हो गई। राज्य सरकार को इसके बारे में पता नहीं चला था, लेकिन समय रहते पता चलने के बाद वर्ष 2021 में राज्य सरकार की तरफ से बॉम्बे हाई कोर्ट में एप्लीकेशन दाखिल हुई, जिसके माध्यम से 2023 में हुए पुराने आर्डर को निरस्त किया गया। अब राज्य सरकार का भूमि पर कब्जा हो जाए या इंडस्ट्री डिपार्टमेंट के पास भूमि आ जाए। बरेली सिविल न्यायालय में प्रशासन की तरफ से वाद दाखिल होना है, जो भी अभिलेख थे, वह प्रशासन को उपलब्ध करा दिए हैं।

# बारिश में बिजली संकट, कई इलाकों में अंधेरा

## गंगानगर में ट्रांसफार्मर में खराबी से पूरी रात गुल रही बिजली, सर्किट हाउस फीडर ब्रेकडाउन में गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारिश का मौसम शुरू होते ही बिजली का नेटवर्क गड़बड़ा गया है। हर रोज फाल्ट होने से बिजली गुल हो रही है। सुभाषनगर के गंगानगर में मंगलवार पूरी रात आपूर्ति गुल रही। बुधवार को दोपहर बाद ट्रांसफार्मर ट्राली लगाकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। इसके अलावा सर्किट हाउस फीडर ब्रेकडाउन में चला गया। रामपुर गार्डन में ट्रांसफार्मर में खराब आ गई। वहीं महानगर और सनसिटी की 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से दो घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति बाधित रही।

सुभाषनगर सबस्टेशन के बदायूं रोड स्थित गंगानगर कॉलोनी में मंगलवार पूरी रात और अगले दिन शाम चार बजे तक बिजली गुल रही। सुबह लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। बताते हैं कि गुरुद्वारा स्थित ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी। देर शाम ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति सुचारू की गई तब लोगों ने राहत की सांस ली। मंगलवार रात हल्की बारिश के बाद करीब 10:30 बजे आधे शहर की बिजली गुल हो गई। महानगर सबस्टेशन से जुड़ी दर्जनों



सीबीगंज के बिधौलिया फीडर के ट्रांसफार्मर में लगी आग। ● अमृत विचार

कालोनियों में अंधेरा रहा। बुधवार रात 8 बजे महानगर और सनसिटी सबस्टेशन की 33 केवी की लाइन में फाल्ट हो गया, जिससे रात 10 बजे तक दर्जनों इलाकों में आपूर्ति बाधित रही।

मंगलवार रात हरुनगला सबस्टेशन के रामगंगा नगर सेक्टर 5, मिशन कम्पाउंड सबस्टेशन के बिहारीपुर मेमरान आदि जगह पर भी पूरी रात संकट बना रहा। डेलापीर से जुड़े इलाकों में बुधवार रात 8 से 9 बजे तक कटौती की गई। वहीं शाहदाना, कुतुबखाना, सिविल लाइंस, जगतपुर आदि जगह पर फेस नहीं आने, लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे। मढ़ीनाथ सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में कटौती की गई। किला के बाकरगंज, हुसैन बाग, खन्नू मोहल्ला, जसोली और अन्य जगह पर भी बुधवार को दिन में लो वोल्टेज और फेस नहीं आने की समस्या रही। उपभोक्ता लगातार हेल्पडेस्क पर कॉल करके शिकायतें दर्ज कराते रहे।

### बिजली गिरने से नेटवर्क ही नहीं पांच सौ स्मार्ट मीटर भी हो गए खराब

- अफसर कंपनी के सहयोग से खराब मीटर बदलाव रहे
- आंधी और बारिश से हुआ करीब 30 लाख रुपये का नुकसान

**बरेली, अमृत विचार :** आंधी और बारिश के साथ बिजली गिरने से न केवल पोल, लाइनें क्षतिग्रस्त हुईं बल्कि शहर में पांच से सौ ज्यादा स्मार्ट मीटर भी खराब हो गए। जब घरों में सप्लाई नहीं पहुंची तो इसकी जानकारी हुई। अफसरों ने कंपनी के सहयोग से खराब मीटरों को बदलवाना शुरू कर दिया है। दरअसल, रविवार देर रात तेज आंधी और बारिश के बीच बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फुंकने से लेकर पोल और लाइन क्षतिग्रस्त हुई थीं। अब सामने आया है कि किला, सुभाषनगर, सीबीगंज और मढ़ीनाथ क्षेत्र में पांच से सौ ज्यादा स्मार्ट मीटर भी खराब हो गए। उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में जब बिजली नहीं पहुंची तो अधिकारियों ने मामले की जांच कराई।

अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर में खराबी होने की सूचना मिली थी। बारिश के पानी से मीटर खराब नहीं हो सकते। बिजली गिरने से मीटर खराब होना माना जा रहा है। कंपनी की मदद से खराब मीटर बदलवाए जा रहे हैं। अब तक 100 से अधिक मीटर बदलवाए जा चुके हैं। आंधी-बारिश की वजह से जिले में विभाग को 30 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से टूटे तीन पोल, बिजली गुल

तेज रफ्तार से ट्रक की टक्कर से तीन पोल टूट गए, जिससे परसाखेड़ा सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में बिजली संकट हो गया। परसाखेड़ा विद्युत सबस्टेशन के अवर अभियंता चंद्रमा राम के मुताबिक 17 जून को रात में दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने 11 केवी के पोल में टक्कर मार दी जिससे तीन पोल क्षतिग्रस्त हो गए। करीब पचास हजार रुपये से अधिक का नुकसान हो गया। ट्रक चालक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को के साथ गालीगलौज भी की। सूचना पर यूपी 112 मौके पर पहुंची ट्रक को कब्जे में लेकर परसाखेड़ा चौकी पुलिस को सौंप दिया।

# मौसम : आज भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

- अगले सात दिन तक बदला रहेगा मौसम, बुधवार रात में हुई बारिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मौसम विभाग ने गुरुवार से जिले का मौसम बदलने और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले सात दिनों तक मौसम बदला रहेगा। कई दिनों तक बादलों की आवाजाही के साथ तेज बारिश, बिजली गिरने और गरज-चमक के साथ आंधी आ सकती है।

बुधवार को दिन की शुरुआत बादल छाए रहने के साथ हुई। दोपहर बाद निकली धूप से लोगों को गर्मी का अहसास हुआ लेकिन शाम को बादल छाने और और ठंडी हवाएं चलने और रात में बारिश से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। आर्द्रता 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे वातावरण में भारी नमी बनी हुई है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 20 जून को गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। वहीं 21 से 24 जून तक लगातार भारी बारिश और आंधी का सिलसिला जारी रह सकता है। 22 जून को 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, जनजीवन पर असर पड़ने की आशंका है।

### बजट आवंटन करने के संबंध में होने वाली बैठक निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** 15वें वित्त अवस्थापना निधि के तहत शासन से मिली धनराशि को अलग-अलग मदों में आवंटित करने के लिए बुधवार को होने वाली बैठक निरस्त कर दी गई है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने 5 जून को अफसरों के साथ बैठक कर चर्चा की थी। उन्होंने 75 करोड़ रुपये बजट से शहर में विकास के कार्य कराने के लिए निर्माण, जलकल, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से प्रस्ताव मांगे थे। इसको लेकर बुधवार को बैठक कर अनटाइड और टाइड फंड का अलग-अलग मदों को आवंटन करना था, मगर बैठक नहीं होने से धनराशि जारी करने की प्रक्रिया रुक गई है। हालांकि इस बजट का पैसा शहर में पेयजल, सीवर समेत जल निकासी, पर्यावरण संरक्षण और कूड़ा निस्तारण के कार्यों पर खर्च होगा।

# जान जोखिम में डालकर निकले लोग




**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर पुलिया के नाले के उफनाने के बाद शुरू हुई सफाई का काम बुधवार तक पूरा नहीं हो सका। अभी सफाई में एक सप्ताह का और समय लग सकता है। वहीं खतरे की संभावना के मद्देनजर की गई बैरिकेडिंग को हटाकर दिन भर बाइक सवार जान जोखिम में डालकर निकलते रहे। इस दौरान बाइक सवारों से काम कर रहे लोगों की नोकझोंक भी हुई। नाले की सफाई का काम बुधवार तक होना था। इसके लिए तीन दिनों तक रूट डायवर्जन किया गया था। बुधवार तक काम पूरा नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि नाले का कलवर्ट सकरा है। इसको चौड़ा करने के लिए एस्टीमेट तैयार कर कार्य कराया जाना है। अगर कलवर्ट को चौड़ा करने का काम बृहस्पतिवार से शुरू हो गया तो भी सफाई का काम पूरा करने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। निर्माण विभाग के अवर अभियंता विकास साहू ने बताया कि कलवर्ट चौड़ा कराने का कार्य कराया जाएगा। एक सप्ताह का समय लग सकता है। यातायात को रोकना पड़ेगा।

# अब पर्चे पर डॉक्टर के नाम के साथ लिखा होगा कमरा नंबर

- ओपीडी में नहीं भटकेंगे मरीज ऑनलाइन पर्चे में किया गया बदलाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीजों को पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में डॉक्टर के कमरा नंबर के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अब काउंटर पर आभा आईडी के तहत ऑनलाइन पर्चे बनवाने के दौरान ही मरीज से संबंधित बीमारी पूछकर डॉक्टर का कमरा नंबर लिख दिया जाएगा ताकि वह सीधे उसी कमरे में जाकर परामर्श ले सकेगा।

अक्सर जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में डॉक्टरों का कमरा जानने के लिए इधर-उधर भटकते रहते थे। अब पर्चे पर डॉक्टर कमरा नंबर लिखा होने से मरीजों को समय पर डॉक्टर से परामर्श भी मिल सकेगा। वहीं मरीजों को परेशानी नहीं होगी और समय भी कम लगेगा। जिला अस्पताल में नई व्यवस्था शुरू कर दी गई है।



### आभा आईडी का बढ़ सकता है ग्राफ

जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि इस सहूलियत से मरीजों का रुझान आभा आईडी यानी ऑनलाइन पर्चा बनवाने की ओर अधिक बढ़ेगा। अब तक बुजुर्ग मरीज ऑनलाइन पर्चा बनवाने को लेकर असंतुष्ट दिख रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि बुजुर्ग मरीज घर से मोबाइल फोन साथ नहीं लाते हैं।

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही पर दो फर्मों पर 40 हजार रुपये का जुर्माना

- कई बार चेतावनी के बाद भी सुधार नहीं होने पर नगर आयुक्त ने की कार्रवाई
- सिकलापुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए नामित की गई थीं फर्में




कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त ने सिकलापुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही बरतने पर दो फर्मों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सुधार नहीं लाने पर फर्मों पर भविष्य में और बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

सिकलापुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए नामित की गईं फर्मों की ओर से सफाई व्यवस्था का कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। लगातार क्षेत्र से सफाई व्यवस्था नियमित नहीं होने और जगह-जगह कूड़ा पड़ा होने की शिकायतें आ रहीं थी। कई बार अधिकारियों के निरीक्षण में भी कमियां मिलीं। इसको लेकर फर्मों के जिम्मेदारों को कई बार चेतावनी जारी की गई, मगर इसके बाद भी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं किया गया। इस पर नगर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही पर मेसर्स आयुषी और मेसर्स इग्नाईटेड सॉफ पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर एक सफाई नायक को हटाया, दो का रोका वेतन

शहर की सफाई व्यवस्था को संजीदा नहीं रहने पर तीन सफाई नायकों पर कार्रवाई की गई है। एक को क्षेत्र से हटा दिया गया है, जबकि दो का वेतन रोककर कड़ी चेतावनी जारी की गई है। किला छावनी में तैनात सफाई नायक सुरेंद्र कठेरिया की ओर से कार्यों का सही से निर्वहन नहीं किया जा रहा था। किला नदी के किनारे गंदगी लाकर फेंकी जा रही थी। डीएम के निरीक्षण में यह बात सामने आई थी। इसको लेकर सफाई नायक को चेतावनी देते हुए सुधार लाने के आदेश दिए गए थे, मगर इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। इस पर बुधवार को नगर आयुक्त के आदेश पर सफाई नायक को यहां से हटाते हुए बाकरगंज कूड़ा प्लांट पर तैनात किया गया है। वहीं सिकलापुर वार्ड 64 के सफाई नायक कमलेश और चक महमूदपुर के सफाई नायक राजीव कुमार का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

# नाली में गोबर बहाने पर डेयरी संचालक पर 80 हजार का जुर्माना

- नगर आयुक्त ने सेटेलाइट से लेकर ग्रीन पार्क तक नाला सफाई के कार्यों को परखा
- निर्माण और सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में जलभराव की समस्या को दूर कराने और नाला सफाई के कार्यों का नगर आयुक्त ने बुधवार को निरीक्षण किया। कई जगहों पर कमियां मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए सुधार लाने को कहा। वहीं नवादा शेखान में अवैध डेयरी से नाली में गोबर बहाए जाने पर जुर्माना करने का आदेश दिया। टीम ने 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सबसे पहले सेटेलाइट स्थित नाले पर पहुंचे और सफाई की स्थिति को देखा। इसके बाद नवादा शेखान गए, जहां पर उन्होंने पाया कि एक अवैध डेयरी संचालक की ओर से गोबर को नाले में खुलेआम बहाया जा रहा है, इससे नाले और नालियां चोक हो रहीं है। जिसकी वजह से आसपास



हरुनगला रोड पर नाले की सफाई देखते नगर आयुक्त संजीव मौर्य। अमृत विचार

के लोग समस्या झेल रहे हैं। इसपर उन्होंने डेयरी संचालक पर कार्रवाई के आदेश दिए। टीम में शामिल अधिकारी ने डेयरी संचालक देवेंद्र सिंह पर 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। नगर आयुक्त ने हरुनगला रोड पर ग्रीन पार्क में नाले का निरीक्षण किया और पीलीभीत रोड होते हुए सौ फुटा तक गए। इस दौरान उन्हें कई जगहों पर सड़कों की स्थिति भी खराब मिली। नाला सफाई के कार्य में सुस्ती दिखी। इसको लेकर उन्होंने निर्माण विभाग के जेई और सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों पर नाराजगी जताई। इस दौरान निर्माण विभाग के अवर अभियंता विकास साहू, वीर प्रताप, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### जलभराव से निपटने के लिए क्यूआरटी गठित

**बरेली, अमृत विचार :** प्री मानसून की बारिश में ही नगर निगम के जल निकासी के दावों की हकीकत सामने आने के बाद अफसर गंभीर हो गए हैं। जलभराव की समस्या को तत्काल दूर करने के लिए क्यूआरटी (क्विक रेस्पांस टीम) का गठन कर दिया गया है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी। शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से लोग परेशान होते हैं। दो दिन पहले हुई तेज बारिश में सड़कों से लेकर घरों, प्रतिष्ठानों और दफ्तरों तक तक में कई-कई फुट पानी भर गया था। इसके बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जलकल विभाग के अभियंताओं के साथ मंगलवार को बैठक कर सख्ती दिखाई थी। नगर आयुक्त ने जलभराव के लिए चिह्नित शहर के सात क्षेत्रों में कड़ी निगरानी के आदेश दिए हैं। इसको लेकर क्विक रेस्पांस टीम का गठन कर दिया गया है। इसका प्रभारी जलकल के अवर अभियंता को बनाया गया है। जलभराव होने या फिर बारिश के समय रात में भी अगर फोन आता है तो टीम मौके पर पहुंचेगी। टीम अपने साथ पंपसेट लेकर जाएगी और जलभराव की समस्या को दूर करेगी। वहीं जलभराव को दूर करने के लिए संपवेल चलाने के लिए बिजली आपूर्ति पर निगम निर्भर नहीं रहेगा बल्कि जनरेटर लगाकर समस्या खत्म की जाएगी। योजना बनी है कि जलभराव के लिए चिह्नित शांतिविहार, संजयनगर, हजियापुर के संपवेल चलाने के लिए जनरेटर लगवाने के बाद बारिश के सीजन में नहीं हटाए जाएंगे। निगम के पास अभी 12 पंपसेट हैं। कुछ और पंपसेट खरीदने की तैयारी चल रही है। जलकल के महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्य के अनुसार जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए कोशिशें की जा रही हैं। प्रयास रहेगा कि नगर वासियों को दिक्कतें न हों।

# कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की होगी आरटीपीसीआर जांच

**बरेली, अमृत विचार:** गंगापुर निवासी बुजुर्ग के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद आईडीएसपी की टीम लगातार संपर्क में है। सोमवार को बुजुर्ग की जांच करने दोबारा से टीम जाएगी। बुजुर्ग का आरटी-पीसीआर जांच के लिए सैंपल लिया जाएगा।

जांच रिपोर्ट आने तक बुजुर्ग को बचाव और इलाज को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। हालांकि एंटीजन जांच में बुजुर्ग निगेटिव मिले हैं। शासन के आदेश पर सांस रोगियों में लक्षण होने पर कोविड जांच की जा रही है। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में अब तक 12 संदिग्ध मरीजों की जांच की गई है लेकिन किसी में भी कोविड संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा दो दिनों से लैब में कोविड जांच कराने के लिए भी कोई मरीज नहीं पहुंचा है।

# जरूरी संसाधान हैं फिर भी गर्भवतियों को कर रहे रेफर



जिला महिला अस्पताल में मरीज।

- जिला महिला अस्पताल में बढ़ रहा रेफरल मरीजों का ग्राफ
- पांच महीने में 6121 गर्भवतियां हुईं भर्ती, 173 को किया रेफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में जरूरी संसाधन होने के बाद भी रेफरल मरीजों का ग्राफ बढ़ रहा है। जैसे ही गर्भवती की हालत गंभीर दिखी, वैसे ही उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। पिछले पांच महीने में 6121 गर्भवतियों को भर्ती किया गया है। इनमें से 173 को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर भेज दिया गया। कहीं अस्पताल में मातृ-शिशु मृत्यु दर का ग्राफ न बढ़ जाए, इस वजह से तो ऐसा नहीं किया जा रहा है। बीते एक साल में अस्पताल में एक भी मरीज की मौत इलाज के दौरान नहीं हुई है।

**एचडीयू का संचालन न होना भी बड़ी वजह :** जिला महिला अस्पताल में शासन ने हाई डिपेंडेंसी यूनिट बनाने के आदेश डेढ़ साल पहले दिए थे, यहां भवन तो बना दिया गया, लेकिन मानस संसाधन और उपकरण अभी तक नहीं भेजे गए हैं। इस वजह से भी स्टाफ को मरीज की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर करना पड़ रहा है।




## एक नजर

### सरेराह महिला को रोककर पति और बच्चों को जान से मारने की दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय के एक युवक ने सरेराह महिला को रोककर उसके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला का कहना है कि मठ कमलनयन पुर निवासी दानिश अंसारी का उसके पड़ोस में आना-जाना था। उसकी भी दानिश से जान पहचान हो गई। दानिश उससे कॉल पर भी बात करने लगा। बाद में उसे पता लगा कि दानिश का चरित्र ठीक नहीं है तो उसने दानिश से बात करनी बंद कर दी। 10 जून को वह बाजार जा रही थी। रास्ते में मठ लक्ष्मीपुर के पास दानिश ने उसे रोक लिया और धमकी दी कि अगर वह उससे बात नहीं करेगी तो पति और बच्चों को जान से मार देगा। इज्जतनगर थाना प्रभारी ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### खोए हुए क्रेडिट कार्ड से ठग ने की 1.71 लाख की खरीदारी, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** ठग ने खोए हुए क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 71 हजार रुपये की खरीदारी कर ली। कार्ड धारक ने थाना किला में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। किला के मोहल्ला कटघर निवासी युधिष्ठिर ने बताया कि उनका क्रेडिट कार्ड नवंबर 2024 में गुम हो गया था। उन्होंने साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कंपनी ने उन्हें दूसरा क्रेडिट कार्ड भेजा था। यह क्रेडिट कार्ड उन्होंने एक्टिवेट नहीं किया था। इस दौरान उनके गुम हुए क्रेडिट कार्ड से 20 से 24 मार्च तक 1.71 लाख की खरीदारी कर ली गई। यह भुगतान फैजान किराना स्टोर बरेली को किया गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# युवती के अश्लील फोटो वायरल कर मांगी रंगदारी

- पीड़िता की मां को धमकाया शादी का दबाव बना रहा

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक ने युवती के अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिए। युवती की मां युवक के घर शिकायत करने गईं तो धमकी देकर भगा दिया। बारादरी पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी क्षेत्र की मूल निवासी युवती का कहना है कि वह उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहती है। बारादरी थाने के एजाजनगर गौटिया निवासी असलम ने उसके फोटो अश्लील फोटो के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। उसको रिश्तेदारों से इस बारे में 6 जून को पता लगा। 8 जून को उसकी मां और दो बहनें शिकायत करने असलम के घर गए तो उन्हें धमकी और गाली देकर भगा दिया। इसके बाद वह बरेली आई। वह 9 जून को काम से निकली। रास्ते में सरेराह असलम ने उसे रोककर हाथ पकड़ लिया। शादी का दबाव बनाया और अश्लील हरकतें करते हुए रंगदारी मांगी। शोर मचाने पर वहां से भागते समय वह कार से टकरा गया। आरोप है कि इसके बाद असलम, उसकी मां शकीला, भाई सलीम, सैफी दो अन्य ने उसके घर पर धावा बोल दिया। मां, बहनों और उसको पीटा, अश्लीलता की और जान से मारने की धमकी दी। जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया।

## लापरवाही के आरोप में सिपाही निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** बिना जांच के थानाध्यक्ष को आख्या देने के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने भोजीपुरा थाने के सिपाही को निलंबित कर दिया है। जनसुनवाई के दौरान भोजीपुरा थाने पर एक महिला ने शिकायती पत्र दिया था। सिपाही निरंजन कुमार ने शिकायती पत्र में लगाए गए आरोपों की सत्यता को जाने बिना फर्जी आख्या तैयार कर प्रस्तुत कर दी। एसएसपी के आदेश पर सीओ हाईवे ने जांच की तो सिपाही पर फर्जी आख्या देने का आरोप साबित हो गया। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि थाना स्तर पर कार्रवाई न होने के कारण उसने कोर्ट की शरण ली। निलंबन के दौरान निरंजन कुमार पुलिस लाइन में तैनात रहेगा।

# ट्रैक धंसने पर रोकी ट्रेन, हादसा बचा

## बरेली-कासगंज रूट पर भमोरा क्षेत्र में मकरंदपुर रेलवे स्टेशन के पास धंसा ट्रैक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** भमोरा क्षेत्र में बरेली-कासगंज रेल रूट पर मकरंदपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक धंसने से बड़ा हादसा बच गया। लोको पायलट ने सूझबूझ से पहले ही ट्रेन रोक दी और रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। वहीं किसी ने पटरी चटकने की खबर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी, जिसे रेलवे अधिकारियों ने गलत बताया।

बताया जा रहा है कि पैसेंजर ट्रेन जैसे ही स्टेशन से कुछ दूरी पर पहुंची तो लोको पायलट ने ट्रैक की स्थिति को संदिग्ध पाया। बिना देर किए उसने ट्रेन को रोक दिया और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। इस दौरान ट्रेन रोकने से यात्री परेशान हो गए। मकरंदपुर रेलवे स्टेशन मास्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया बुधवार सुबह 8:20 बजे 55311 कासगंज-लालकुआं पैसेंजर के ड्राइवर सुमित कुमार वर्मा ने स्टेशन पर पहुंचकर बताया कि करतोली हाल्ट के पास मिट्टी धंसने के कारण गड्ढा हो गया है। जिसकी सूचना तुरंत इंजीनियरिंग विभाग को दी गई, जिसके बाद आरपीएफ बदायूं के साथ भमोरा पुलिस और इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक की मरम्मत की गई। इसी बीच किसी ने सोशल मीडिया पर पटरी चटकने की सूचना डाली, जो गलत थी। स्टेशन मास्टर ने बताया सभी ट्रेनों का सुचारू रूप से संचालन हो रहा है किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। वहीं पुलिस ने बताया सूचना पर टीम पहुंची थी, वहां किसी भी प्रकार की पटरी चटकी नहीं मिली, बल्कि मिट्टी धंसने से गड्ढा हुआ था, जिसकी सूचना ट्रेन चालक ने स्टेशन मास्टर को दी थी।



ट्रैक धंसने की सूचना पर मकरंदपुर स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। ● अमृत विचार

# रेल लाइन के पास मोर्टार सेल मिला, किया निष्क्रिय

## पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा, काफी पुराना है मोर्टार सेल, पुलिस और सेना कर रही है जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा के पास रेलवे लाइन किनारे मोर्टार सेल मिलने से खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस और सेना की यूनिट मौके पर पहुंची। सेना के बम निरोधक दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया है। छानबीन की जा रही है कि मोर्टार सेल यहां तक कैसे पहुंचा। रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर ही सैन्य क्षेत्र भी है।

दो दिन पहले भारी बारिश के दौरान कई स्थानों पर रेलवे लाइन की मिट्टी धंस गई है। इन स्थानों पर जेसीबी के जरिए मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। मंगलवार रात 1 बजे सुभाषनगर में लाइन के किनारे मिट्टी डालने का काम किया जा रहा था। श्रमिकों को मिट्टी के ढेर में संदिग्ध वस्तु मिली और पुलिस को सूचना दी गई। एसपी सिटी मानुष पारीक और सुभाषनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि मोर्टार सेल है। रात में ही सेना की यूनिट को सूचना दी गई। सेना का बम निरोधक दस्ता भी मौके पर आ गया। दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया। मोर्टार काफी पुराना है। माना जा रहा है कि मोर्टार मिस फायर होने के बाद मिट्टी में दबा दिया गया होगा। रेलवे लाइन के किनारे डालने के लिए मिट्टी दूसरे स्थान से लाई जा रही है। ऐसे में यह मोर्टार मिट्टी के साथ यहां पहुंच गया होगा। पुलिस और सेना की टीमें जांच कर रही है कि मोर्टार सेल कहां से और किस यूनिट के लिए जारी किया गया होगा।



रामगंगा के पास रेलवे लाइन के किनारे मिला मोर्टार सेल। ● अमृत विचार

### 2022 में सुभाषनगर में मिला था हैंड ग्रेनेड

जो मोर्टार सेल मिला है, वह करीब दो फुट लंबा है। इसका वजन करीब 10 किलो है। मोर्टार सेल का इस्तेमाल आमतौर पर सेना करती है। यह पहला मौका नहीं जब सुभाषनगर में कोई बम जमीन में दबा मिला हो। साल 2022 में सुभाषनगर इलाके में ही हैंड ग्रेनेड खुदाई के दौरान मिला था। घटना के बाद से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।

### बंद फायरिंग रेंज कोहनी प्रतापपुर से लाई गई थी मिट्टी

- सीओ ने टीम के साथ गांव में पहुंच कर लोगों और प्रधान से की पूछताछ
- 20 साल पहले तक गांव में थी आर्मी की फायरिंग रेंज, बाद में की थी बंद

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रेल लाइन किनारे मिट्टी डालते समय मोर्टार सेल मिलने के मामले की पुलिस जांच कर रही है। मिट्टी डालने के लिए भमोरा के गांव कोहनी प्रतापपुर से लाई गई थी। यहां पर करीब 20 साल पहले तक आर्मी की फायरिंग रेंज थी। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि वहीं से मिट्टी में यह मोर्टार सेल आया होगा। सेल मिलने के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। दरअसल दो दिन की लगातार बारिश से सुभाषनगर इलाके में रामगंगा नदी से कूछ देर एक पब्लिक स्कूल के पास रेलवे ट्रैक किनारे की मिट्टी बह गई थी। इसे जेसीबी से सही किया जा रहा था। मंगलवार रात कर्मचारियों को संदिग्ध वस्तु दिखाई दी तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि यहां पर मिट्टी डालने के लिए कोहनी प्रतापपुर से लाई गई थी। इसकी जांच के लिए सीओ द्वितीय अजय कुमार को टीम के साथ मौके पर भेजा गया था। जहां पर सीओ ने कई घंटों तक जांच की और स्थानीय लोगों और प्रधान से बात की तो पता चला कि 20 साल पहले तक गांव में आर्मी की फायरिंग रेंज थी। उस समय कुछ लोग घायल हो गए थे, जिसकी वजह से रेंज को बंद कर दिया गया था। ऐसे में आशंका है कि उसी समय का मिस फायर मोर्टार सेल दबा हुआ होगा। जो मिट्टी की खुदाई के दौरान निकलकर आ गया होगा।

> रेलवे लाइन किनारे मिट्टी में मोर्टार सेल मिला है। पुलिस और सेना की यूनिट ने उसे निष्क्रिय किया। मिट्टी जहां से आई है वहां भी टीम जांच कर रही है।
>
> **-अनुराग आर्य**, एसएसपी

## रेस्टोरेंट में शिक्षक की पत्नी और प्रेमिका भिड़ीं, आंख में डाला मिर्च स्प्रे

- दो घंटे तक चला हंगामा, पत्नी ने प्रेमिका के खिलाफ की शिकायत

**आंवला, अमृत विचारः** कस्बे के एक रेस्टोरेंट में शिक्षक की पत्नी और प्रेमिका आपस में भिड़ गईं। प्रेमिका ने शिक्षक की आंखों में मिर्च स्प्रे डालकर पीटा और भागने की कोशिश की लेकिन वहां मौजूद अन्य महिलाओं से उसे पकड़ लिया। शिक्षक की पत्नी ने स्प्रे डालने वाली महिला के खिलाफ शिकायत की है।

कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला की शादी नगरपालिका परिषद आंवला कार्यालय के पास रहने वाले शिक्षक से 2016 में हुई थी। महिला का पति वजीरगंज बदायूं के एक गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। शिक्षक की दो बेटियां हैं। शिक्षक कस्बे में अपने एक मकान में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को कोचिंग भी पढ़ाता है। वर्ष 2022 में उसे कोचिंग पढ़ने आने वाली एक छात्रा से प्रेम हो गया। जब पति की प्रेम कहानी की जानकारी उसकी पत्नी को लगी तो उसने विरोध करना शुरू किया। इस पर शिक्षक पत्नी से दूरी बनाने लगा और अपने दूसरे घर में रहने लगा। पति की मारपीट से आहत पत्नी ने अगस्त 2024 में शिक्षक पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को महिला सहेली के जन्मदिन में शामिल होने के लिए कस्बे के ही एक रेस्टोरेंट में गई थी। वहां उसे उसके पति की प्रेमिका मिल गई। महिला हिम्मत करके उसके पास पहुंची और उसका घर न बिगाड़ने को कहा। इस पर प्रेमिका भड़क गई और दोनों में मारपीट शुरू हुई। प्रेमिका ने अपने पर्स से मिर्च का स्प्रे निकाल कर महिला की आंखों में डाल दिया। वहां मौजूद महिलाओं ने उसे पकड़ लिया। युवती ने महिला के पति को फोन कर बुला लिया। वहां शिक्षक, उसकी पत्नी और प्रेमिका के बीच जमकर नोकझोंक हुई। दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। महिला ने बताया कि उसके पति की प्रेमिका आंवला तहसील क्षेत्र के एक गांव में डाकघर में तैनात है। पति और उसकी प्रेमिका उसे रास्ते से हटाकर शादी करने की फिराक में हैं। इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला की ओर से शिकायत मिली है।

# अब नई दिल्ली स्टेशन पर नहीं रुकेगी अमृतसर-सहरसा ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूर्वोत्तर रेलवे ने बदले चार महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव और मार्ग

**अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और परिचालन आवश्यकता की वजह से अगस्त से चार महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव स्टेशनों और मार्गों में परिवर्तन किया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस अब 19 अगस्त से नई दिल्ली स्टेशन के स्थान पर आनंद विहार टर्मिनस पर समाप्त होगी। ट्रेन आनंद विहार टर्मिनस पर सुबह 11:55 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 20 अगस्त से आनंद विहार टर्मिनस से 15:20 बजे प्रस्थान करेगी।

इसके साथ ही 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस 17 अगस्त से अपने पूर्व निर्धारित मार्ग-आदर्शनगर दिल्ली, नई दिल्ली, तिलक ब्रिज, साहिबाबाद के स्थान पर दिल्ली, शाहदरा होते हुए साहिबाबाद तक जाएगी। ट्रेन दिल्ली स्टेशन पर 10:50 बजे पहुंचेगी और 11:05 बजे रवाना होगी, जबकि नई दिल्ली स्टेशन पर अब इसका ठहराव नहीं होगा। इसी प्रकार 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस भी 18 अगस्त से परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद, दिल्ली, शाहदरा, आदर्शनगर के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन दिल्ली स्टेशन पर 13:55 बजे पहुंचेगी और 14:10 बजे रवाना होगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले अपने गंतव्य स्टेशन की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## व्यापारी से 1.82 लाख रुपये का सामान उधार लेकर हड़पा

**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर में एक फर्म से सीबीगंज के बिधौलिया निवासी व्यापारी ने 1.82 लाख रुपये से ज्यादा का माल उधार लिया लेकिन पैसे नहीं दिए। जब व्यापारी ने पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी व्यापारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आवास विकास निवासी इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी मुकेश अग्रवाल का कहना है कि बिहारीपुर ढाल पर उनकी फर्म है। सीबीगंज के अब्दुल शहीद खां ने उनकी फर्म से अलग-अलग समय पर तीन बार में 1.82 लाख रुपये का सामान तीन साल पहले उधार लिया था। उनकी फर्म ने अब्दुल शहीद खां की फर्म के नाम से तीनों बिल भी काटे लेकिन वह पैसे देने में टाल-मटोल कर रहा है। 7 जून को वह पैसों के लिए तकादा करने गए तो अब्दुल शहीद खां ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- चोरी की छह मोटरसाइकिल हुईं बरामद

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना पुलिस ने चंद देर में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहल्ला भूरे खां गौटिया निवासी सुहैल, इमरान और नई बस्ती थाना बिनावर निवासी अयान के रूप में हुई है।

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को फरीदपुर थाना क्षेत्र के रेशम बाग अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर हाईवे किनारे खड़ी की गई बाइकें भी बरामद की हैं। अयान पेशे से बाइक मैकेनिक है। वह चोरी की बाइक के इंजन और चेसिस नंबर घिसकर उस पर फर्जी नंबर लिखता था ताकि बाइक की पहचान न हो सके। वहीं सुहैल और इमरान बाइक चोरी करते थे। पुलिस उनके साथियों के बारे में पता लगा रही है।

### बाइकों के पार्ट्स करते थे अलग

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बाइक चोरी करने के बाद उसके अलग-अलग पार्ट्स कर के भी बेचते थे। बरामद छह बाइकों के इंजन और चेसिस नंबर या तो मिटा दिए गए हैं या उनमें नकली नंबर डाले गए हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## थाने के सामने अवैध पार्किंग




शहर में पार्किंग की व्यवस्था न होने की वजह से वाहन चालक कहीं भी वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं। इसकी वजह से दूसरे वाहन चालकों को परेशानी होती है। बारादरी थाने के सामने शहामतगंज पुल के नीचे नोपार्किंग का बोर्ड लगा होने के बावजूद कारें खड़ी हो रही हैं लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ● हरदीप सिंह टोनी

### सेटेलाइट और नकटिया चौकी के पास भी सड़क पर खड़े हो रहे वाहन

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट और नकटिया पुलिस चौकी के पास भी सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं। सेटेलाइट बस अड्डे के पास ट्रैफिक पुलिस ने जाम की समस्या के समाधान के लिए चौकी के सामने बैरियर लगाकर रास्ता बंद कर दिया है। इसके बाद से यहां पर वाहन खड़े कर अवैध पार्किंग ही बना दी गई है। वहीं शाहजहांपुर रोड पर नकटिया चौकी के सामने पुल और सर्विस रोड पर ट्रक और अन्य वाहन खड़े होते हैं। रात में इन वाहनों के खड़े रहने से हादसे का डर बना रहता है।

## साथियों के साथ घर में घुसकर किशोरी से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में एक दबंग ने साथियों के साथ घर में घुस कर युवती से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर युवती और उसके चचेरे भाई के साथ मारपीट की। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस 11 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती की मां ने बताया कि उसके घर के सामने जरी का कारखाना है, जिसमें नाजिम काम करता है। आरोप है कि नाजिम उसकी 18 वर्षीय बेटी पर लगातार आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा था। कई बार समझाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोप है कि 14 जून की रात करीब 10:30 बजे नाजिम अपने साथियों सोहेल, मोहसिन, राजू, मुन्ना, शोएब, शाहनवाज, शाहिद और आसिम के साथ जबरन उसके घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। शोर-शराबा के बाद उनका भतीजा मौके पर पहुंचा और जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार और डंडों से हमला कर दिया।

# तमंचे के जोर पर व्यापारी से 40 लाख के चेकों पर कराए हस्ताक्षर

- अब आरोपी 60 लाख की मांग रहे रंगदारी, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में एक व्यापारी से तमंचे के बल पर जबरन 40 लाख रुपये का दबंगों ने चेक साइन करा कर ले लिए। आरोप है कि चेकों की तारीख बदलकर बैंक में जमा कर दिए। विरोध करने पर आरोपी 60 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के आकाशपुरम विस्तार निवासी हफीज अहमद ने बताया कि 25 दिसंबर 2021 को बुखारपुरा निवासी करामत उल्लाह खां उर्फ मुन्ना, उसकी पत्नी रानी और बेटा शारिक उनके घर में घुस आए। आरोप है कि इन लोगों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और सात चेकों पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। जिन पर कुल राशि 40 लाख रुपये अंकित थी। मामले में पहले ही 22 मई 2023 को बारादरी में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजकर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। अब हफीज का आरोप है कि करामत उल्लाह खां और उसके परिवार वालों ने उन्हीं चेकों की तारीख 25 दिसंबर 2021 से बदलकर 25 दिसंबर 2024 कर दी और उन्हें धोखा देने की नीयत से बैंक में पेश कर दिया। मामला तब सामने आया जब करामत उल्लाह की ओर से अधिवक्ता के माध्यम से एक कानूनी नोटिस भेजा गया।

### फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

हफीज अहमद का आरोप है कि आरोपी अब उस पर मुकदमे का दबाव बनाकर 60 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवा कांग्रेस से पुलिस ने छीना विधायक का पुतला, नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर सुभाषनगर क्षेत्र में विकास कार्यों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कैंट विधायक संजीव अग्रवाल का पुतला फूंकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनकर कब्जे में ले लिया। इस पर कार्यकर्ताओं की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर हंगामा भी काटा। पुलिस की सख्ती से कार्यकर्ता पुतला नहीं फूंक सके।

जिलाध्यक्ष साहिब सिंह के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सेठ दामोदर स्वरूप में पुतला फूंकने पहुंचे लेकिन पुलिस ने रोक दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के मेयर और विधायक होने के बाद भी सुभाषनगर क्षेत्र में विकास नहीं हो पाया है। अगर जल्द ही सुभाष नगर पुलिया की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कैंट विधायक का पुतला लखनऊ विधानसभा के सामने जलाया जाएगा और अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ा जाएगा।

कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि भले ही आज पुतला छीन लिया गया हो, लेकिन यह आंदोलन युवा कांग्रेस के जोश को रोक नहीं सकता। इस मौके पर तनवीर सिंह, अली प्रधान, अमन सिंह, मोनू सिंह, गोविंद सिंह, अमजद, नबी हसन, धर्म सिंह, फतेह सिंह, शंकर सिंह, पीलू सिंह, सतनाम सिंह, सोहिब खान, मोहम्मद हनीफ, आदित्य सिंह, अनवर अली, रशीद, फैजल, कारण सिंह, अर्जुन सिंह और बंटी सिंह मौजूद रहे।



युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता को उठाकर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

- सुभाषनगर क्षेत्र में विकास न होने का आरोप लगा कैंट विधायक का पुतला फूंकने की कोशिश

## किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेलीः** दस साल पहले घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी थाना हाफिजगंज क्षेत्र निवासी राजेन्द्र सिंह को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानन्द ने तीन वर्ष सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया था कि 13 जुलाई 2015 की रात 11 बजे छत पर सो रही थी तभी राजेन्द्र सिंह दरवाजे की कुंडी ढीली होने के कारण घर में घुस आया और छत पर सोते हुए दबोच लिया और अश्लील हरकतें कर छेड़खानी करने लगा। चीख पुकार पर मम्मी पापा आ गए। उन्होंने राजेन्द्र को मौके पर पकड़ लिया। पुलिस ने घर में घुसकर छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने 6 गवाह पेश किए।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** दिव्यांग दंपती की नाबालिग पुत्री (16) के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र निवासी पप्पू की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेन्द्र प्रकाश ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सुभव मिश्रा ने बताया कि पीड़िता ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया कि 17 मार्च को दिन में करीब 3:15 बजे खेत पर लकड़ी लेने गई तो आरोपी ने अश्लील हरकतें कीं और खींचकर ले गया और दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आस-पास के लोगों ने आकर बचाया। पीड़िता के पिता ने मुल्जिम के माता-पिता से शिकायत की तो गालीगलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# महंगाई के साथ बढ़ रहे खर्चे, पेंशन में कम से कम 15 से 30 फीसदी वृद्धि की जाए

## जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसिएशन के महासचिव श्याम माथुर प्रेसवार्ता में बोले

कार्यालय संवाददाता, बरेली


एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते पदाधिकारी। • अमृत विचार

• फैमिली पेंशनर की स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया

**अमृत विचार :** जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसिएशन नार्दन जोन की बरेली यूनिट के महासचिव श्याम माथुर ने कहा कि फैमिली पेंशन बढ़ाने की जरूरत है। महंगाई बढ़ रही है। खर्चे भी बढ़ रहे हैं। पेंशन में कम से कम 15 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की जाए।

उन्होंने यह बातें बुधवार को जंक्शन रोड स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। कहा कि 1995 में पेंशन योजना लागू होने के बाद आज तक पेंशन अपडेशन की सुविधा नहीं लागू की गई। फैमिली पेंशनर की बैंक, एलआईसी और केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर 30 प्रतिशत की सुविधा लंबित है। इसकी वजह से फैमिली पेंशनर की स्थिति बहुत चिंताजनक है। केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं बनाई जा रही हैं, लेकिन हमारी एसोसिएशन में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि बीमा कंपनियां लिखित रूप से सरकार को आश्वासत कर चुकी हैं कि इसके क्रियान्वयन में सरकार से किसी प्रकार के आर्थिक सहयोग की आवश्यकता भी नहीं है। कंपनियां अपने उपलब्ध साधनों से प्रबंध करेंगी। आयोजन सचिव रजनीश पांडेय ने कहा कि, 80 वर्ष के बाद केंद्रीय कर्मचारियों को बढ़ाई जाने वाली पेंशन की योजना का लाभ उन्हें नहीं दिया जा रहा है।मेडिक्लेम प्रीमियम को लेकर बोले कि सेवानिवृत कर्मचारी खुद इसका वहन कर रहा है, उस पर भी सरकार 18 फीसदी जीएसटी वसूल रही है। कहा है कि साधारण बीमा कंपनियों के सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों पर सरकार सहानुभूति दिखाते हुए विचार करे, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर न होना पड़े।

स्टाफ मेडिक्लेम पॉलिसी में सेवारत कर्मचारियों को प्रीमियम में मिलने वाले डिस्काउंट का लाभ सेवानिवृत कर्मचारियों को दिलाने, जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा ऑनलाइन, मेडिक्लेम पॉलिसी का प्रीमियम ऑनलाइन जमा कराने पर जोर दिया। कार्यकारिणी सदस्य अनिल कांत सक्सेना, पंकज गोयल, विजय मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# संविदा कर्मचारियों का शोषण नहीं होगा बर्दाश्त


सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। • अमृत विचार

• संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की हुई बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की ओर से जिला कार्यकारिणी की बैठक और सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को जिला अस्पताल के सभागार में हुआ। पदाधिकारियों ने कहा कि संविदा कर्मचारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले से ब्लॉक स्तर तक कार्यकारिणी को और मजबूत किया जाएगा।

मुख्य अतिथि पूर्व एडी हेल्थ डॉ. सुधीर कुमार गर्ग, विशिष्ट अतिथि संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय व प्रदेश उपाध्यक्ष अमर जाफरी रहे। अध्यक्षता जिला महामंत्री अविनाश त्रिपाठी ने की। अतिथियों और पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की जो मांगे हैं, उनको लेकर प्रदेश कमेटी के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान भाकियू से आरपी सिंह, आईडीए के सचिव डॉ अवधेश गंगवार, आयुष डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. हरजिंदर सिंह, अतुल सागर आदि मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष श्याम सिंह ने आभार जताया।

## अमरनाथ यात्रा में भंडारे का आयोजन करेगी शिव शक्ति सेवा समिति

**बरेली, अमृत विचार :** शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से नावल्टी चौराहे के पास एक क्लब में बुधवार को प्रेसवार्ता की गई। जिसमें समिति सदस्यों ने अमरनाथ यात्रा में भंडारा आयोजन की जानकारी साझा की। क्लब से जुड़े पवन सक्सेना ने बताया कि समिति 18 बरसों से बालटाल में भंडारे का आयोजन करती आ रही है। समिति अध्यक्ष संजय पाराशरी ने बताया कि 20 जून को शिव सेवादारों के साथ बालटाल प्रस्थान किया जाएगा।

बालटाल दुमैला में शिव भक्तों के लिए निशुल्क भंडारे का आयोजन 3 जुलाई से 9 अगस्त तक किया जाएगा। तुषार पाराशरी, जनरल सेक्रेट्री शम्स बदायूंनी, विवेक मिश्रा, पुत्तन सक्सेना, समीर पाराशरी, अमन पाराशरी, वीरेंद्र अटल आदि उपस्थित रहे।

# मलेरिया : मंडल में मच्छरों का आतंक, पीलीभीत में सबसे ज्यादा

अंकित चौहान, बरेली

• मलेरिया के मामलों में बरेली दूसरे और शाहजहांपुर जिला तीसरे स्थान पर

• पहले बदायूं रहता था संवेदनशील, मंडल में पांच महीने में सामने आ चुके हैं 999 केस

**अमृत विचार :** मंडल में मच्छरों का आतंक है। मलेरिया के मामलों में पीलीभीत पहले, बरेली दूसरे और शाहजहांपुर जिला तीसरे स्थान पर है। पहले बदायूं बेहद संवेदनशील था। आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच महीने में चारों जिलों में कुल 966 मलेरिया के मरीज सामने आ चुके हैं। दो जिलों में डेंगू ने भी दस्तक दे दी है।

एडी हेल्थ कार्यालय से मिल रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में जनवरी से अब तक पीलीभीत में 329, बदायूं में 200, बरेली में 311 और शाहजहांपुर जिले में 224 मलेरिया रोगी सामने आए हैं। सभी जिलों में रोजाना पांच से सात लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो रही है। इनमें मलेरिया प्लाज्मोडियम वाइवैक्स के मरीजों का आंकड़ा 90 फीसदी तक है।

### मंडल में बीते बरसों की स्थिति

| वर्ष | बरेली | बदायूं | पीलीभीत | शाहजहांपुर |
|---|---|---|---|---|
| 2022 | 1806 | 1373 | 42 | 518 |
| 2023 | 3490 | 3224 | 563 | 617 |
| 2024 | 2817 | 3610 | 414 | 845 |

### दो जिलों में डेंगू की भी दस्तक

बीते वर्षों में डेंगू का प्रकोप जुलाई अंत तक जारी होता था, लेकिन इस बार समय से पहले ही डेंगू ने भी मंडल के दो जिलों में दस्तक दे दी है। रिपोर्ट के अनुसार बरेली में अब तक तीन और शाहजहांपुर में दो लोगों में जानलेवा डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। बदायूं और पीलीभीत में डेंगू का कोई मरीज अभी सामने नहीं आया है।

बीते सालों की तुलना में जांचों की संख्या बढ़ी है। बावजूद मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। सर्वे के दौरान भी टीमों की ओर से दिए गए जा रहे फीडबैक के अनुसार लोगों में मच्छरों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ने की बात भी सामने आई है, जो अच्छा संकेत हैं।
**डॉ. अखिलेश्वर सिंह**, मंडलीय सर्विलांस अधिकारी

## सार-संक्षेप

### विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के पदाधिकारियों ने अहमदाबाद और केदारनाथ में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। ब्रज लोक कालोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय त्रासदी है। दिवंगत लोगों के परिवारजनों के प्रति हम सब गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आज स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस है। उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जनपदीय अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा ने दुर्घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। एसके कपूर, उमेश चंद्र गुप्त, मोहनचंद्र पाण्डेय, डॉ. अखिलेश गुप्ता, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, संजीव शंखधार, रितेश साहनी आदि मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं को बताए जाएंगे स्मार्ट मीटर के फायदे



**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण ज्ञान प्रकाश बरेली जोन-1 ने बुधवार को स्मार्ट मीटर को लेकर चलाए जा रहे उपभोक्ता जागरूकता अभियान के तहत कार्यालय पर कैनोपी और प्रचार वाहन की शुरुआत की। प्रचार वाहन के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए जाएंगे। मुख्य अभियंता ने कहा कि स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करने पर रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है। उपभोक्ता अपनी खपत को देख सकते हैं और जरूरत के हिसाब से नियंत्रित भी कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर व आर्मर्ड केबल पूरी तरह से निशुल्क है, अगर इसके लिए कोई पैसा मांगे तो हेल्पलाइन नंबर 1912 पर कर शिकायत करें। स्मार्ट मीटर से गलत बिलिंग से छुटकारा मिलेगा। मुख्य अभियंता ने बताया कि जिले में 7 लाख 28 हजार स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जाने हैं, जिसमें से 53 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

### प्रश्न पत्र न पहुंचने से छात्र नेता नहीं दे सका परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में चल रही एमए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में सोमवार को लापरवाही का मामला सामने आया। समाजवादी छात्र संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा परीक्षा देने कॉलेज पहुंचे, लेकिन प्रश्न पत्र न आने के कारण वह परीक्षा नहीं दे सके। अविनाश मिश्रा एमए फिलॉसफी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र हैं। वह निर्धारित समय पर बरेली कॉलेज परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्हें कक्षा संख्या 22 में बैठाया गया। संबंधित विषय का प्रश्न पत्र केंद्र पर नहीं पहुंचा। इस वजह से वह परीक्षा नहीं दे सके। वह संबंधित विषय के अकेले परीक्षार्थी थे। अविनाश ने इसे लापरवाही बताते हुए नाराजगी जताई और कहा कि यह न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। उन्होंने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर अपनी परीक्षा किसी अन्य केंद्र पर स्थानांतरित करने की मांग की है, ताकि वह समय पर परीक्षा दे सकें।

# कुत्ते के काटने के चार साल बाद किशोरी में हाइड्रोफोबिया के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जिला अस्पताल में वंशिका।

• हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, हायर सेंटर किया रेफर

• संभल के बहजोई निवासी किशोरी को वर्ष 2021 में पालतू कुत्ते ने काट लिया था

**अमृत विचार:** पालतू कुत्ते के काटने के चार साल बाद किशोरी की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बुधवार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हाइड्रोफोबिया के लक्षण दिखने पर किशोरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

संभल जिले के बहजोई निवासी 15 वर्षीय वंशिका को वर्ष 2021 में में पालतू कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों के अनुसार तीन दिन पहले वंशिका की तबीयत खराब हो गई। स्थित गंभीर होने पर परिजन उसे बिनावर स्थित सीएचसी ले गए। जहां लगातार उपचार के बाद भी बच्ची की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद डाक्टरों ने उसे बरेली के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजनों का दावा है कि जब किशोरी को कुत्ते ने काटा था, तब एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाई थी, लेकिन अब वह पानी से डर रही है।

ईएमओ डॉ. वैभव शुक्ला ने बताया कि मरीज में हाइड्रोफोबिया के लक्षण दिख रहे थे, मरीज ने पूरी वैक्सीन की डोज लगवाई गई थी या नहीं, इसकी जानकारी परिजनों ने नहीं दी। फिलहाल, मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## एजुकेटरों की भर्ती प्रक्रिया पूरी, जल्द परिणाम होंगे घोषित

• 190 पदों के लिए 570 से अधिक अभ्यर्थियों ने किए थे आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक विद्यालयों में संचालित बालवाटिकाओं में ईसीसी ( अर्ली चाइल्डहुड केयर) एजुकेटर की नियुक्ति की जा रही है। जिले के 2058 प्राथमिक विद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से 190 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। 570 से अधिक अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन के बाद आमंत्रित किया गया था। जिसमें से केवल 270 अभ्यर्थी पहुंचे। डीसी ट्रेनिंग योगेश गंगवार ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, जल्द परिणाम घोषित किए जाएंगे।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289



# समूह की महिलाओं के उद्यम को उड़ान देंगी सखियां

अनुपम सिंह, बरेली

**13** हजार के करीब स्वयं सहायता समूह हैं जिले में | **145000** समूह के सदस्य हैं | **2000-2800** रुपये तक प्रतिमाह मिलेगा मानदेय सूक्ष्म उद्यम सखी को

• सूक्ष्म उद्यम सखी योजना से आर्थिक रूप से और सशक्त बनेंगी महिलाएं

• 15 जून तक सभी ब्लॉकों से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किए थे आवेदन

**अमृत विचार :** स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के जीवन स्तर को आर्थिक तौर पर और संबल प्रदान करने के लिए इस साल जिले में सूक्ष्म उद्यमी सखी योजना लागू की गई है। योजना के तहत समूह की जागरूक महिलाओं को सूक्ष्म उद्यमी सखी चुना जाएगा। शासन ने इसके लिए लक्ष्य आवंटित कर दिया है। महिलाओं को योजना में शामिल करने के लिए सभी ब्लॉकों से आवेदन कराए गए हैं। अब जल्द ही आए आवेदनों पर विचार करते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

सूक्ष्म उद्यम सखी योजना प्रदेश के कई जिलों में पिछले साल लागू हो गई थी, मगर बरेली में इसी वर्ष लागू की गई है। शासन ने 216 सूक्ष्म उद्यमी सखियों का चयन करने के लिए लक्ष्य जारी किया था। इसकी पूर्ति के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग की ओर से 15 जून तक सभी 15 ब्लॉकों से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से ब्लॉकों पर आवेदन करने के लिए कहा गया था। महिलाओं ने आवेदन कर दिया है।

आवेदन की अंतिम तिथि पूरी होने के बाद विभाग की ओर से ब्लॉकवार आए आवेदनों का आंकड़ा मांगा है। भोजीपुरा, क्यारा समेत चार से पांच ब्लॉकों से आवेदन की सूचना भेज दी गई है, जबकि अन्य ब्लॉकों से भी जल्द ही इसकी सूचना देने के लिए कहा गया है।

### चयन के यह हैं मानक

आवेदन करने वाली महिला अनिवार्य रूप से पंचसूत्र का पालन करने वाले समूह की सदस्य हो। समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर सके और आवश्यकता पड़ने पर कार्य करने या प्रशिक्षण के लिए जिले से लेकर बाहर तक जा सके।

### परीक्षा और इंटरव्यू के बाद होगा चयन, फिर रोजगार को बढ़ाने के लिए आवंटित होगा लक्ष्य

ब्लॉकों पर किए गए आवेदनों को मंगाने के बाद विभाग सूची तैयार कर रहा है। इसके बाद तारीख तय करते हुए परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा के बाद इंटरव्यू होगा। साक्षात्कार पास करने पर लखनऊ में पांच से सात दिन की ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। पूरी तरह से दक्ष होने के बाद क्लस्टर वार तैनाती करते हुए स्वयं सहायता समूह की उन महिलाओं के उद्यम, रोजगार को बढ़ाने के लिए लक्ष्य आवंटित किया जाएगा, जो अभी अपने काम को जानकारी के अभाव में प्रभावी ढंग से नहीं कर पा रही हैं। इससे समूह से जुड़कर काम करने वाली महिलाओं की आय बढ़ेगी। योजना को लागू करने की यही मंशा है।

समूह की काफी महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही हैं, मगर जानकारी के अभाव में अपने उत्पादों को अच्छी पहचान नहीं दे पा रही हैं। कैसे उत्पाद बढ़ाना है, जिससे बिक्री के साथ आय भी बढ़े। सूक्ष्म उद्यम की सखी ऐसी ही महिलाओं के उद्यम को बढ़ाने में सहायक होंगी। इसके लिए क्लस्टर वार लक्ष्य भी आवंटित होगा।
–**गुरदीप सिंह**, जिला मिशन प्रबंधक

## सार-संक्षेप

### शांति-नीति और संवाद के भी ज्ञाता हैं हनुमान



**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के पांचवें दिन बुधवार को कथा व्यास आशीष मिश्रा ने बताया कि जब लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं, तो हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने हिमालय पर्वत की ओर उड़ते हैं। समय की कमी के कारण वे पूरा पर्वत ही उठा लाते हैं। यह उनकी गति, समर्पण और निर्णय की क्षमता को दर्शाता है। इस कार्य से लक्ष्मण का जीवन बचता है और राम की सेना को शक्ति मिलती है। हनुमान जी केवल योद्धा नहीं, बल्कि शांति, नीति और संवाद के भी ज्ञाता हैं। वह विभीषण को श्रीराम की शरण में लाए। उन्होंने राम और विभीषण के मध्य विश्वास स्थापित किया, जिससे रावण के विरोध में लंका में एक नैतिक शक्ति का उदय हुआ। कथा का आयोजन श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति एवं अखिल भारतीय श्री राधा संकीर्तन मंडल की ओर से किया जा रहा है। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, अतुल कपूर, युधिष्ठिर मालिक, सुनील मालिक, राम अवतार लूथरा, मिक्की आहूजा, बीके कोचर, धीरज सेठी, रमेश खनिजों आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने योग अभ्यास किया



**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महाविद्यालय में योग सप्ताह के तहत बुधवार को छात्राओं ने योग अभ्यास किया। ज्योति शर्मा की ओर से किए गए आयोजन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

### नीट में सफल हुए छात्रों के साथ अभिभावक सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** ओमेगा क्लासेस के एमडी मो. कलीमुद्दीन ने नीट में सफल हुए छात्रों व उनके माता-पिता को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस बार 55 से 60 छात्रों ने एमबीबीएस के लिए क्वालीफाई किया है। सम्मानित होने वालों में जुबिया मलिक ने 608 नंबर लाकर जिले का नाम रोशन किया। वहीं, लक्की फैसल खान ने 554, रुमान मलिक ने 545, फैजान ने 538, मोहित गंगवार ने 538, मो. आमिर ने 538, कशिश नूर ने 536, चित्रा सिंह ने 536, युवराज ने 529, मो. फैजान ने 532, जिब्रान ने 527, हर्षिता अग्रवाल ने 526, सतविका त्रिवेदी ने 522, राहुल सिंह ने 526, कमल शर्मा ने 538, जेता खान ने 516, राज ने 519, अनिका शर्मा ने 521 नंबर हासिल किए। इस दौरान रवि शंकर, अलीमुद्दीन, अनिल, अमजद अली, शकीलुद्दीन फहीम, तौफीक मलिक, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### वीरता पुरस्कार से रश्मि उपाध्याय सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शिविर कार्यालय बिहारीपुर में रानी लक्ष्मीबाई के 167 वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें वीरता पुरस्कार से शिक्षिका रश्मि उपाध्याय को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई ने 29 वर्ष की आयु में झांसी का शासन संभाला और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजी शासन से युद्ध किया। वह देश पर बलिदान होकर वीरता की एक मिसाल बन गईं। मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार अवस्थी, महिला सभा पदाधिकारी अलका त्रिवेदी, पूजा मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय शर्मा, राकेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, देवेश शर्मा, वंश आदि मौजूद रहे।

# बरेली कॉलेज: अब नॉन मैथ बैकग्राउंड वाले छात्र भी ले सकेंगे बीसीए में प्रवेश

## पिछले साल जारी हुआ आदेश, मगर बीच शैक्षिक सत्र में नहीं हो सका लागू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस साल शैक्षिक सत्र से ही लागू प्रवेश के लिए बढ़ रही आवेदकों की संख्या
- 166 सीटों पर अब तक 680 से अधिक प्राप्त हो चुके हैं आवेदन

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में इस वर्ष बीसीए ( बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि अब नॉन मैथ बैकग्राउंड वाले छात्र भी इस कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। पहले केवल गणित विषय वाले ही बीसीए में प्रवेश के पात्र माने जाते थे, लेकिन इस साल से इस शर्त को हटाकर अन्य स्ट्रीम्स से आए छात्रों को भी अवसर दिया गया है।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार नॉन मैथ बैकग्राउड वाले विद्यार्थियों के प्रवेश की अनुमति पिछले शैक्षिक सत्र के बीच में मिली थी, जब तक सत्र शुरू हो चुका था। इस साल यह सुविधा शैक्षिक सत्र 2025-26 से शुरू की जा रही है। प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इस नए निर्णय का असर सीधे तौर पर बीसीए कोर्स में देखने को मिल रहा है।

कॉलेज में इस पाठ्यक्रम के लिए 166 सीटें निर्धारित हैं, जबकि अब तक 680 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यानी हर एक सीट के लिए लगभग चार छात्र दावेदार हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है। कॉलेज प्रशासन की ओर से जल्द मेरिट लिस्ट जारी कर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल, बीसीए में प्रवेश के लिए आवेदकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### कई प्रवेश फार्मों में कमियां उजागर

- एनसीसी बी सर्टिफिकेट होना बताया मगर लगाया नहीं
- बरेली कॉलेज में प्रवेश समिति कर रही फार्मों की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर आए फार्मों का सत्यापन शुरू हो गया है। कई छात्रों के फार्म में जो दस्तावेज संलग्न बताए गए हैं, वे उनमें नहीं हैं। सत्यापन में कई खामियां उजागर हुई हैं। कुछ छात्र-छात्राओं ने प्रवेश फार्म में एनसीसी बी सर्टिफिकेट होने का दावा किया है, लेकिन संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया। इस कारण ऐसे आवेदनों को फिलहाल रोका गया है। संबंधित छात्रों को जल्द प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश समिति के अनुसार केवल उन्हीं छात्रों को वरीयता दी जाएगी, जिनके दस्तावेज पूर्ण और सत्यापित होंगे। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को सचेत किया है कि वे जल्द अधूरे दस्तावेज जमा करें, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त किया जा सकता है। सत्यापन का कार्य अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा और उसके बाद मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्र अधिक अंक प्राप्त करने की चाह में कई बार प्रवेश फॉर्म में गलत जानकारी भर देते हैं, लेकिन दस्तावेज सत्यापन में सच्चाई सामने आ जाती है।

# राष्ट्रार्पण की महानगर इकाई के अध्यक्ष बने सुदेश गुप्ता



कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित

**अमृत विचार :** राष्ट्रार्पण संस्था की ओर से संगठन का विस्तार एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को खुशहाली सभागार में हुआ। राष्ट्रीय संयोजक राज किशोर ने कहा कि राष्ट्र केवल भूगोल नहीं, यह हमारी आस्था, संस्कृति और कर्म का तीर्थ है। इस मौके पर संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

महानगर इकाई के अध्यक्ष सुदेश गुप्ता, महामंत्री रोहित राकेश, संरक्षक गोपाल महाराज, उपाध्यक्ष पंकज वास, सुभाष साहू, अरविंद अग्रवाल, विजय मूलचंदानी, अभिषेक वर्मा बनाए गए। संगठन महामंत्री संजीव मोहन शर्मा, रोहित राकेश, विजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष राशि पाराशरी, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अजय पाल, व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रभारी जितेन्द्र अग्रवाल बनाए गए।

जिला इकाई में अध्यक्ष कमल जगवानी, संगठन महामंत्री राजेन्द्र वर्मा, संरक्षक प्रभु ज्वाल महाराज, उपाध्यक्ष राकेश यादव, मनोज कुमार, दीपक सक्सेना, रितु राज, कृष्ण असवानी, अविनेश वर्मा, ऋषि शर्मा बनाए गए। महामंत्री राजेन्द्र वर्मा, मनोज शर्मा व बृजेश गंगवार को, मंत्री अमित पांडे, सुजाता बनर्जी, विशाल सक्सेना, दीपक आहूजा, एमके सिंह व करण सिंह को, मीडिया प्रभारी अनुदीप को बनाया गया। महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी यति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कवि मनवीर मधुर, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मंजू शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयकांत चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज विजवाण, अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेला कल दो हजार नौकरी का लक्ष्य

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के लिए सेवायोजन विभाग की ओर से 20 जून को वृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। राजश्री ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन और विभाग के सहयोग से कार्यक्रम किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने बताया कि, रिठौरा पीलीभीत रोड स्थित इंस्टीट्यूट में रोजगार मेला लगेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की करीब 50 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। करीब दो हजार युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरियां देने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी महाविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, पैरामेडिकल, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक से संपर्क किया गया है। अभ्यर्थी प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन की वेबसाइट https://rojgaarsangam.up.gov.in व https://www.ncs.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराकर आवेदन करा लें।

# वर्चस्व की जंग में गैंगवार का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज के बिगड़ते माहौल पर सख्ती के लिए अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई को एसएसपी से मिलेंगे चीफ प्रॉक्टर

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में लगातार बिगड़ते शैक्षणिक माहौल और छात्र संगठनों से जुड़े अराजकतत्वों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. आलोक खरे गुरुवार को एसएसपी से मुलाकात करेंगे और शरारती तत्वों का पूरा कच्चा-चिट्ठा उनके सामने पेश कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

कॉलेज प्रशासन का कहना है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और समाजवादी छात्र सभा से जुड़े कुछ छात्र नेताओं की आपसी तनातनी अब गैंगवार की आशंका पैदा कर रही है। दोनों संगठन के पदाधिकारी एक-दूसरे के खिलाफ पहले भी पुलिस में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। आए दिन झगड़े की घटनाएं कॉलेज परिसर का माहौल खराब कर रही हैं।

चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि छात्र संगठन से जुड़े नेता रौब झाड़ते हुए कॉलेज में अपने वाहन लेकर प्रवेश कर रहे हैं। हाल ही में एक छात्र नेता के एक छात्रा को बुलेट पर बैठाकर परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने का मामला सुर्खियों में रहा। इससे न केवल अनुशासनहीनता बढ़ी है, बल्कि परीक्षाओं की शुचिता भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का माहौल अनुशासित और शैक्षणिक बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा ताकि अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सके।

### वीडियो फुटेज की जांच में बुलेट से परीक्षा दिलाने वाला निकला एबीवीपी कार्यकर्ता

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान बुलेट मोटरसाइकिल से छात्रा को कक्ष तक छोड़ने वाले की पहचान कर ली गई है। कॉलेज प्रशासन की जांच में युवक एबीवीपी का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कॉलेज प्रशासन हरकत में आया। कॉलेज प्रशासन ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले और छात्रों से पूछताछ की तो पता चला कि छात्रनेता ने न सिर्फ परीक्षा नियमों का उल्लंघन किया, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी चुनौती दी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि यह गंभीर अनुशासनहीनता का मामला है और इसकी रिपोर्ट कॉलेज प्रशासन को सौंपी जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वीडियों के अनुसार कॉलेज में एमकॉम की छात्रा कॉलेज में परीक्षा में देने आई थी। छात्रनेता ने उसे सीधे परीक्षा भवन के दरवाजे तक अपनी बुलेट से छोड़ा था। कॉलेज प्रशासन अब छात्रा की भूमिका की भी जांच कर रहा है। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का कॉलेज में प्रवेश निषेध है। इस नियम को सख्ती से बुधवार से लागू किया गया है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

## बीएससी नर्सिंग के परीक्षा केंद्र निर्धारित

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 25 जून से शुरू हो रही बीएससी नर्सिंग की मुख्य और पूरक परीक्षा के केंद्रों की सूची जारी कर दी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि गंगाशील स्कूल ऑफ नर्सिंग, ज्योति कॉलेज आफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी, केशलता नर्सिंग कॉलेज, श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कृतिका नर्सिंग कॉलेज, राजश्री नर्सिंग इंस्टीट्यूट का केंद्र बरेली कॉलेज को बनाया गया है। फ्लोरेन्स नाइटेंगिल कॉलेज आफ नर्सिंग शाहजहांपुर, वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए एसएस कॉलेज शाहजहांपुर केंद्र बनाया गया। एसडी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ठाकुरद्वारा मुरादाबाद के लिए राजकीय संघटक महाविद्यालय फैजल्लाहगंज, ठाकुराद्वारा को, आरएसडी एकेडमी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज मुरादाबाद और विवेकानंद कॉलेज आफ नर्सिंग के लिए हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद को, विवेक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बिजनौर के लिए आरबीडी कॉलेज बिजनौर को, गंगोत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग, गजरौला के लिए रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला को केंद्र बनाया गया है।

# छात्रवृत्ति को 10 जुलाई से होंगे आवेदन

- सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक के विद्यार्थियों के लिए समय सारिणी जारी

**बरेली, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग से संचालित छात्रवृति योजना के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए आवेदन समेत अन्य समय सारिणी जारी कर दी गई है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि विद्यार्थियों को 10 जुलाई से 20 दिसंबर तक पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। फाइनल प्रिंट 12 जुलाई से 23 दिसंबर तक निकाले जाएंगे। विद्यार्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कापी 24 दिसंबर तक शिक्षण संस्थानों में जमा करनी होगी। शिक्षण संस्थानों को पहले चरण में 10 दिसंबर और दूसरे चरण में 10 दिसंबर से 11 जनवरी 2026 तक आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन और अग्रसारित करना होगा। आवेदनों का मास्टर डाटा 7 जुलाई से 25 नवंबर तक लॉक किया जाएगा। मास्टर डाटा का सत्यापन 9 जुलाई से 12 दिसंबर तक होगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से मास्टर डाटा में शामिल और एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों की राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर मार्किंग का कार्य 10 जुलाई से 22 दिसंबर तक करना होगा। विश्वविद्यालय, एफिलिएटिंग एजेंसी की ओर से फीस आदि का सत्यापन 8 जुलाई से 5 दिसंबर तक करना होगा। वास्तविक छात्रों का सत्यापन और अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम, संस्था को ब्लॉक करने का कार्य पहले चरण में 11 से 18 दिसंबर और दूसरे चरण में 12 से 24 जनवरी 2026 तक करना होगा। 12 से 22 जनवरी 2026 तक एनआईसी की ओर से स्क्रूटनी का कार्य चलेगा। ऑनलाइन आवेदनों में हुई त्रुटियों को छात्र 23 से 28 जनवरी 2026 तक सही कर सकेंगे।

इसके अलावा 23 से 31 जनवरी 2026 तक विद्यार्थियों के सही आवेदन जमा होंगे, शिक्षण संस्थान की ओर से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, अपात्र आवेदन निरस्त कर पात्र आवेदनों को अग्रसारित किया जाएगा। पहले चरण में एनआईसी की ओर से सही डाटा को जिले की लॉगिन पर 11 से 22 दिसंबर तक और दूसरे चरण में 2 से 12 फरवरी 2026 तक उपलब्धय कराय जाएगा। जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से लॉक डाटा वाले छात्रों को पीएफएमएस प्रधाली के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खातों में पहले चरण में 24 जनवरी और दूसरे चरण में 16 मार्च 2026 तक छात्रवृत्ति भेजी जाएगी।

## नाथ मंदिरों में रुद्राभिषेक 23 से

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति की ओर से शिविर कार्यालय सेठ गिरधारी लाल मंदिर शहामतगंज में बुधवार को योजना बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें 23 जून से होने वाले शृंखलाबद्ध रुद्राभिषेक की जानकारी दी गई। महामंत्री आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को समिति के पदाधिकारी हरिद्वार से गंगाजल लेकर शहामतगंज पहुंचे। सावन में कांवड़ियों के लिए सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। मीडिया प्रभारी मनोज देवल ने बताया 23 जून से कार्यक्रम का प्रथम चरण बाबा त्रिवटी नाथ मंदिर पर विशाल रुद्राभिषेक के साथ शुरू होगा। जिसके बाद सेठ गिरधारी लाल से एकत्र होकर वाहन शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 30 जून को बाबा अलखनाथ, 7 जुलाई को बाबा धोपेश्वर नाथ, 14 को बाबा मढ़ीनाथ, 21 को बाबा तपेश्वरनाथ, 28 जुलाई को बाबा बनखंडीनाथ और 4 अगस्त को बाबा पशुपतिनाथ में रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन होगा। ब्रजवासी लाल, पंकज देवल, रितेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, कपिल गुप्ता, रोहित अग्रवाल, जितेंद्र, प्रवीण अग्रवाल, धर्मेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# अभिभावकों का खराब व्यवहार बच्चों के मन पर डाल रहा असर

शब्या सिंह तोमर, बरेली

- जिद्दी स्वभाव के हो रहे बच्चे, परिजनों की नहीं मान रहे बात
- मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में पहुंच रहे ऐसे मामले

**अमृत विचार :** बच्चों की परवरिश में माता पिता कहां चूक कर जाते हैं, उन्हें पता नहीं चलता। कई अभिभावक बच्चों पर अपने सपने थोपते हैं, उन्हें समाज में सबसे प्रतिष्ठित बनाने के चक्कर में उनके अंदर की खूबियों को नजर अंदाज कर देते हैं। अभिभावकों का खराब व्यवहार बच्चों के कोमल मन पर गंभीर असर डालता है। इसकी वजह से बच्चे गुस्सैल हो जाते हैं। वे परिजनों की बात नहीं मानते हैं। ऐसे मामले मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में पहुंच रहे हैं। बच्चों की काउंसलिंग में पता चला है कि माता पिता के खराब व्यवहार ने उन्हें जिद्दी बना दिया।

काउंसलर यशिका वर्मा ने बताया कि बच्चों के व्यवहारिक समस्याएं लेकर माता पिता आते हैं, तब काउंसलिंग कई सेशन में होती है, इसमें माता पिता की कमियां भी सामने आती हैं। उन्होंने बताया कि सुभाषनगर के रहने वाले एक व्यक्ति अपने बच्चे के आक्रामक व्यवहार से परेशान होकर केंद्र पर आए। बाद में पता चला कि पिता का व्यवहार पत्नी और बच्चे से बेहद खराब रहा। उनका परिवार पर किए गए खर्च को एहसान की तरह जताना, अनावश्यक दबाव बनाना आदि कारणों से बच्चे का स्वभाव जिद्दी हो गया। बताया कि एक अन्य मामले में बहेड़ी निवासी एक व्यक्ति केंद्र पर आए। उन्होंने बताया कि बेटा कुछ दिनों से बिल्कुल चुप रहने लगा है। काउंसलिंग में बेटे ने बताया कि पिता हमेशा कहते हैं उसे अच्छे स्कूल में पढ़ाया और कोचिंग भी कराई। परिणाम बेहतर नहीं आने पर पिता का उसके प्रति व्यवहार बदल गया, जिससे वह बहुत दबाव महसूस करने लगा। काउंसलर रविंद्र कुमार ने बताया कि मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में बैड पेरेंटिंग के 40 प्रतिशत केस हर माह पहुंच रहे हैं।

### मां कोई फैसला खुद नहीं लेनी देती हैं

काउंसलर यशिका ने बताया कि सिविल लाइंस की रहने वाली महिला 16 वर्षीय बेटी के बदले व्यवहार से परेशान थी। वह केंद्र पर आई थीं। उनकी बेटी की काउंसलिंग की गई। जिसमें बच्ची ने बताया कि मां उन्हें एक भी फैसला स्वयं नहीं लेने देती हैं। कपड़े उनकी मर्जी के पहनने पड़ते हैं। हर बात में उनका हस्तक्षेप रहता है, जो उसे पसंद नहीं है। करियर का चुनाव भी वही कर रही हैं। उन्होंने बताया कि फरीदपुर के शिक्षक दंपती बेटे के करियर से संबंधित समस्या लेकर आए थे। काउंसलिंग में बच्चे ने बताया कि बचपन में माता पिता का लगाव उसके प्रति नहीं रहा। प्यार से कभी बात नहीं की। आज जब वह अपने करियर में आगे नहीं बढ़ पा रहा है, तब उनकी चिंता सामने आ रही है।

### पहले बच्चों की क्षमताओं को समझें फिर आगे बढ़ाएं



अभिभावक पहले अपने बच्चों की क्षमताओं को समझें और फिर उसी आधार पर उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग दें। बच्चों पर दबाव न डालें, उन्हें प्यार से समझाएं। उनकी भावनाओं को समझें। जिस कार्य में बच्चा अच्छा है उसमें आगे बढ़ने में मदद करें। देखा गया है कि अभिभावक अपनी दबी इच्छाएं अपने बच्चों के माध्यम से पूरा करने के लिए उन्हें सारी सुविधाएं देते हैं तो इसका यह अर्थ नहीं है कि बच्चे उनके आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। अपनी इच्छापूर्ति के लिए अपनी क्षमता से अत्याधिक बच्चों पर खर्च करना, उन पर मानसिक दबाव बनाना किसी भी रूप से सकारात्मक नतीजे नहीं दे सकता।

-**यशिका वर्मा**, काउंसलर, मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

# किसान दिवस में जर्जर सड़कें और गन्ने का भुगतान नहीं होने के मुद्दे छाए

## किसानों ने नलकूपों का अनुरक्षण न होने से दिक्कतें होने का मामला उठाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीडीओ ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए
- जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि भुगतान का मामला चल रहा अदालत में

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस में जर्जर सड़कें, गन्ने का भुगतान नहीं होने और नलकूपों का अनुरक्षण न होने के मुद्दे जोरशोर से उठाए गए। सीडीओ देवयानी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने पिछले माह के किसान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। किसानों ने बहेड़ी केसर शुगर मिल के बकाया गन्ना भुगतान नहीं करने का मामला उठाया। सीडीओ ने जिला गन्ना अधिकारी को भुगतान कराने के निर्देश दिए। इस पर जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। एक माह में भुगतान की कार्रवाई कराने की बात कही।

किसान केंद्रपाल ने कई साल से नलकूपों का अनुरक्षण न होने का मामला उठाया। जिस पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को नलकूपों का अनुरक्षण समय से करने को निर्देशित किया। तहसील आंवला से आए किसान प्रताप सिंह ने आंवला ब्लॉक की सड़कें काफी खराब बताईं। कहा कि बारिश होने से सड़कों की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिस पर सीडीओ ने पीडब्ल्यूडी को सड़क की त्वरित मरम्मत करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किसानों से वार्ता कर करें, उनके पास जाकर जियो टैग करते हुए फोटो लें। अगले किसान दिवस में पुरानी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

किसान दिवस में प्रगतिशील किसानों के साथ कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, गन्ना विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी पहुंचे।

### कृषि वैज्ञानिक बोले, बारिश के मौसम में किसान आम, अमरूद, कटहल, आड़ू भी लगा सकते हैं

वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. रंजीत कुमार ने खेती की नवीन तकनीकी को लेकर विस्तृत चर्चा की। किसानों को उन्नत खेती के बारे में बताया। आम की खेती पर ज्यादा जोर दिया। बताया कि किसान आम, अमरूद, कटहल, आड़ू भी इस मौसम में लगा सकते हैं। आम की प्रजाति में लंगड़ा, आम्रपाली और मलिका का प्रयोग कर सकते हैं जो कि यहां कि जलवायु के अनुरूप है।

## सौरभ हत्याकांड के आरोपी अब तक फरार

**सिरौली, अमृत विचार :** सिरौली थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव निवासी सगे भाई गौरव और सौरभ को दबंगों ने घर से उठाकर बेरहमी से 6 मई को पीटा था। इलाज के दौरान 8 मई को सौरभ की मौत हो गई थी।

पुलिस ने मुकदमे में गैर इरादतन पीटकर हत्या की धारा जोड़ी थी लेकिन अब तक सभी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके घर की कुर्की करने की तैयारी में है। सौरभ की मौत के बाद पुलिस अभी तक केवल देशराज को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है, वहीं प्रकाश शर्मा, गोपाल ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है, जबकि नीरज शर्मा, लखन शर्मा और चतुर्भुज अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं इस मामले में सिरौली इंस्पेक्टर जगत सिंह का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा, यदि वे लोग हाजिर नहीं होंगे तो उनके घरों की कुर्की की जाएगी।

# ट्रैक्टर खरीदवाकर लोन करवाया, फिर बेच दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईजी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक से ट्रैक्टर खरीदवाकर बैंक से लोन कराया गया। इसके बाद ट्रैक्टर बेच दिया गया। मामले में डीआईजी अजय साहनी के आदेश पर पुलिस ने एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर नगरिया अनूप निवासी गंगादीन ने बताया कि उसके जानकार अनिल सिंह ने उससे कहा कि वह ट्रैक्टर खरीद ले, जिसे वह अपनी फैक्ट्री में किराए पर लगा देंगे। अनिल पर भरोसा कर 18 अगस्त 2022 को ट्रैक्टर खरीदने के लिए पीलीभीत रोड स्थित गुरु नानक इंटरप्राइजेज के मालिक सतेंद्र पाल सिंह से 7.50 लाख में सौदा तय हुआ। इसमें से 2.50 लाख नकद जमा कर दिए और बाकी बैंक से लोन की फाइल तैयार की गई। आरोप है कि इस दौरान इन्वॉइस, इंजन और चेसिस नंबर फर्जी तैयार किए गए और लोन के कागजों पर हस्ताक्षर कराकर रकम सीधे फर्म के खाते में ट्रांसफर करा ली गई।

22 अगस्त को बैंक कर्मचारी घर पहुंचे, फोटो खींचे, जमानती के तौर पर उसकी मां का अंगूठा लगवाया और कहा कि लोन मंजूर हो गया है। ट्रैक्टर अनिल की फैक्ट्री में लगा दिया गया। 25 अगस्त को सतेंद्र पाल सिंह तीन साथियों के साथ फैक्ट्री पहुंचे और कहा कि ट्रैक्टर में कुछ कमी है, उसे वापस एजेंसी ले जाना होगा। उन्होंने ट्रैक्टर दे दिया, लेकिन जब कई दिन बाद ट्रैक्टर मांगा तो टालमटोल शुरू हो गई। 3 सितंबर को जब वह एजेंसी पहुंचे तो ट्रैक्टर देने से मना कर दिया गया। आरोप है कि ट्रैक्टर 23 अगस्त को बबलू नाम के व्यक्ति को बेच दिया गया।

## सहायक संख्या अधिकारी को फिर दिया एआरएम का चार्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सिटी बस के चालकों और परिचालकों ने लगाए थे गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** आरोपों में घिरे रहे सहायक संख्या अधिकारी को एक बार फिर से एआरएम का चार्ज दे दिया गया है। जबकि पूर्व में उनके खिलाफ सिटी बस के चालक और परिचालकों ने गंभीर आरोप लगाए थे। मामला संज्ञान में आने पर उनसे एआरएम का अतिरिक्त कार्यभार हटाया गया था।

परिवहन निगम के बदायूं डिपो के एआरएम अजय सिंह को पिछले दिनों निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद से बदायूं एआरएम का पद खाली चल रहा था। बरेली रीजन में तैनात सहायक संख्या अधिकारी राजेश पाठक को बदायूं डिपो के एआरएम का कार्यभार दिया गया है। जबकि पहले कार्यकाल में ही राजेश पाठक आरोपों में घिरे थे। स्मार्ट सिटी के तहत संचलित होने वाली सिटी बसों के चालक और परिचालकों ने राजेश पाठक पर गंभीर आरोप लगाए थे। बरेली रीजन के एआरएम दीपक चौधरी ने बताया कि राजेश पाठक को मुख्यालय की तरफ से बदायूं डिपो के एआरएम का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### घर में घुसकर मारपीट तीन लोग घायल

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव बादशाहनगर निवासी रंजीत के मुताबिक वह और उनकी 70 वर्षीय सास राजिंदर कौर 16 जून की शाम 6 बजे घर पर थी। इसी दौरान गांव के ही रघुबीर सिंह और उनकी बेटी बलजिंदर कौर उर्फ निक्की और गुरदीप सिंह उर्फ बग्गा सिंह अचानक घर में घुस आए और गालियां देने लगे। जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की।

### सड़क किनारे खड़ी लग्जरी कार चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में डोहरा रोड पर सड़क किनारे खड़ी लग्जरी कार रेंज रोवर चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर क्षेत्र के आशुतोष सिटी निवासी रंजन चौधरी ने बताया कि वह 15 जून की रात रेंज रोवर से फरीदपुर से घर लौट रहे थे। डोहरा रोड पर पहुंचते ही रात 10 बजे गाड़ी में खराबी आ गई। उन्होंने मिस्त्री से संपर्क किया तो उसने सलाह दी कि कार को वहीं खड़ा कर दें। कार टो कर लाई जाएगी। इस पर उन्होंने कार को सुरक्षित स्थान पर पार्क कर दिया। अगली सुबह करीब 10 :30 बजे जब टो करने वाला पहुंचा तो कार गायब थी।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर चोर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

संवाददाता, बरेली/देवरनियां

- नकदी समेत पांच लाख का चोरी का सामान बरामद



मुठभेड़ में घायल चोर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देवरनियां थाना पुलिस ने मुठभेड़ में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। एक सिपाही भी घायल हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देवरनियां के गांव नवादा निवासी दानिश, नाजिम और परवेज के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार देर रात पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम गांव बसंतपुर जाने वाले रास्ते पर शारदा नहर की पुलिया पर पहुंची। जहां पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया, जिसमें सिपाही रोहित कुमार घायल हो गए। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जो आरोपी दानिश के पैर में जा घुसी। इसके बाद तीन बदमाश गिरफ्तार कर लिए। बदमाशों ने देवरनियां और शेरगढ़ थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें कबूल की हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, पांच मंगलसूत्र, दो नथ समेत करीब पांच लाख रुपये की ज्वेलरी बरामद की है। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

### शव मिलने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** सडक हादसे में युवक की मौत के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। 11 जून को मीरगंज में नेशनल हाईवे के ओवरब्रिज के डिवाइडर पर मसीहाबाद निवासी अंबेडकर का शव पड़ा मिला था। मृतक की पत्नी ममता ने बताया उसके पति 10 जून को उसके मायके गए थे। वहां से रात में ही वह लौट गए, लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। उनका शव नेशनल हाईवे के डिवाइडर के पास पड़ा मिला था। पुलिस ने बुधवार को मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ताजिये के रास्ते का विवाद सुलझाया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गांव हरदुआ किफायतुल्ला में ताजिये के रास्ते में छज्जे को लेकर दो पक्षों मे विवाद हो गया था। जानकारी होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर समझौता करा दिया गया। लिखित समझौते में मस्जिद वाली साइड की ओर 8 इंच का ही छज्जा निकालने की बात हुई, जहां दूसरा पक्ष ने बात मान कर घर के निर्माण में सहमति से छज्जा निकाला। इस मौके पर युसूफ अली, बाबू बख्श, महंदो हसन, सफीक अहमद, इकरार मंसूरी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## सड़क हादसे की 16 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचारः** 16 दिन पहले दो कारों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए थे। कार मालिक ने इलाज के बाद बुधवार को थाने पहुंचकर आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उघैती बदायूं के गांव स्वरूपपुर निवासी सुभाष चन्द्र ने बताया 2 जून की सुबह करीब 11 बजे वह कार से तीन दोस्तों में टिंकू शर्मा, राकेश शर्मा, विनीत के साथ बिसौली से बरेली जा रहा था। उसकी कार ड्राइवर नवनीत चला रहा था। आंवला भमोरा रोड के रामनगला और बिलौरी गांव के मध्य सामने से आ रही एक कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

**बस चालक पर रिपोर्टः** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया था। घायल के ससुर ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बारादरी के मोहल्ला रोहली टोला निवासी रामप्रकाश वर्मा ने बताया कि उसका दामाद मंयक गुप्ता निवासी कटरा चांद खां 28 मई को बाइक से वजीरगंज बदायूं जा रहा था। इसी बीच मनौना थाम के समीप एक रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

# घर से ढाई साल की बच्ची के साथ निकली महिला लापता

- संदिग्ध युवक पर ले जाने का आरोप, तलाश में जुटी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** घर से बच्चे के साथ जन्मदिन पार्टी में जाने के लिए निकली एक महिला लापता हो गई। पति ने थाना प्रेमनगर में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर उसकी तलाश कर रही है। बालाजी विहार कॉलोनी निवासी धीरज कश्यप ने बताया कि पत्नी नेहा कश्यप मंगलवार रात बेटी अनन्या कश्यप और परिवार वालों के साथ घर से मौर्य मंदिर के पास एक जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए निकली थी लेकिन रास्ते में पति की कॉल आने का बहाना बनाकर वह अलग हो गईं और घर लौटने की बात कहकर चली गई। देर रात तक जब नेहा घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की। परिवार को पड़ोसियों से जानकारी मिली कि नेहा भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अटा पट्टी गांव निवासी युवक के साथ देखी गई। परिजनों को आशंका है कि वही नेहा और बच्ची को अपने साथ ले गया है।

### स्विमिंग पूल से लापता हुआ 13 वर्षीय दिव्यांग

बारादरी क्षेत्र के डोहरा गौटिया निवासी रामेश्वर दयाल का 13 वर्षीय बेटा अर्जुन सिंह शनिवार दोपहर स्विमिंग पूल पर नहाने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है।

# भौआपुर के दोनों युवक तमंचा के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचारः** भौआपुर निवासी दो युवकों की हाथ में तमंचा लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। शिकायत पर पुलिस ने दोनों को मंगलवार देर शाम दो तमंचों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं इन दिनों गांव में नमाज और मदरसा संचालन को लेकर विवाद चल रहा है। भौआपुर निवासी उज्जवल सिंह राठौर ने 14 जून को देर रात दोनों युवाओं के फोटो तमंचे के साथ एक्स पर पोस्ट करके पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई के लिए शिकायत की थी, वहीं पुलिस अधिकारियों ने पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कैंट को तत्काल मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। बभिया चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह, हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार और संजय कुमार ने मंगलवार देर शाम दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में दोनों के पास से एक-एक तमंचा 315 बोर तथा एक-एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपियों ने अपना नाम तस्लीम और दूसरे ने अकबर बताया।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**भमोरा, अमृत विचार :** बरेली –बदायूं हाईवे पर जज लिखी कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजने के साथ दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। बरेली बदायूं हाईवे पर बुधवार सुबह खेड़ा मोड के पास बरेली निवासी सागर और ओमेंद्र जो बदायूं एक फाइनेंस कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर तैनात है की बाइक में बदायूं की ओर से आ रही जज लिखी कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। वहीं कार चालक एक गर्भवती महिला को इलाज के लिए लेकर जा रहा था। पुलिस ने गर्भवती के साथ घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### रास्ते में रोककर अधिवक्ता से की मारपीट, शिकायत

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर गांव के छह लोगों पर रास्ते में घेरकर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एडवोकेट इरशाद अहमद निवासी ग्राम बलुपुरा ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया वह रोज की तरह बुधवार सुबह 10 .30 बजे घर से तहसील जा रहा था। रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे उसके गांव के छह लोगों ने उसे घेरकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वह जान बचाकर घर की ओर भागा तो आरोपी उसके घर में घुस गए मारपीट की। आरोप है आरोपी बहुत ही शातिर और गिरोह बंद अपराधी है, नशे का व्यापार और ऑनलाइन फ्रॉड भी करते है। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। इसके लिए पुलिस को जांच करके कार्रवाई के निर्देश दिए है।

### युवती को भगाने के मामले में आठ पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक युवक ने युवती को प्रेम जाल में फंसाकर घर से भगा ले गया।युवती के पिता ने आरोपी समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कोतवाली क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक उसकी बेटी से फोन पर बात करता था। आरोप है 16 जून की शाम 8 :30 बजे उसकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बताया उसकी लड़की घर में रखें पचास हजार रुपये और सोने, चांदी के जेवर भी साथ ले गई। उसने आरोप लगाया, उसकी बेटी को भगाने में प्यारेलाल ,अनिल कुमार निवासी चराई डांडी का पूरा सहयोग रहा है। जब उसने अपनी बेटी के बारे में आरोपी के परिवार से बात की तो वह लोग मारपीट पर उतारू हो गए ।कोतवाल संजय तोमर ने बताया पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

### फरार वारंटी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**भुता, अमृत विचार :** धर –पकड़ अभियान के तहत बुधवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के नेतृत्व में छापा मारकर वारंटी नेपाल सिंह निवासी ग्राम सिंघाई मुरावबान को गिरफ्तार कर लिया ।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार के भुता थाने का चार्ज संभालते ही क्षेत्र में हो रही चोरियों पर भी अंकुश लग गया है।

# बारिश होते ही ग्रामीण क्षेत्र की बिजली 24 घंटे से गुल

## गर्मी में लोग पानी और मोबाइल चार्ज करने के लिए हुए परेशान

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई 24 घंटे से ठप्प है। लोग पानी के साथ साथ मोबाइल चार्ज करने तक को तरस रहे हैं।

सरकार गांवों के लोगों को शहर जैसी सुविधाएं देने की कोशिश कर रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग गांवों को छोड़कर शहरों की ओर आकर्षित होने से बच सकें। सरकार विधुत सप्लाई में सुधार के लिए करोड़ों का बजट खर्च कर रही है। परंतु अधिकारी सुविधाएं मात्र कागजों में दे रहे हैं। धरातल पर सुविधाएं शून्य हैं। आंवला 132 केवी विधुत उपकेंद्र परिसर में बने आंवला ग्रामीण उपकेंद्र का हाल भगवान भरोसे है। थोड़ी सी हवा चलने अथवा छिटपुट बूंदाबांदी होने पर ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई गुल हो जाती है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त फीडर से जुड़े, आसपुर, करूआतताल, टांडा, कल्लिया, पथरा, मोतीपुरा, सेंधा, सेंधी, दलीपुर, अतरक्षेड़ी, आदि गांव के लोगों ने बताया कि मंगलवार की शाम छुटपुट बारिश होने पर सप्लाई चली गई थी। बुधवार को दिन में बार बार ट्रिपिंग के साथ करीब दो घंटे सप्लाई चली होगी। उसके बाद से सप्लाई गुल है। हालांकि कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने एसडीओ कार्यालय पर विद्युत सप्लाई शेडयूल के मुताबिक न मिलने पर नाराजगी व्यक्त कर सरकार द्वारा बनाए गए शेड्यूल के मुताबिक सप्लाई देने की मांग की थी। बिजली विभाग के जेई रामचंद्र ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि में विद्युत लाइन मरम्मत की सुविधा नहीं है। लाइनमैन दिन में ही कार्य करते हैं।

### सांसद के सामने उठाया बिजली कटौती का मुद्दा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सरदार पटेल की प्रतिमा के अनावरण को पहुंचे सांसद छत्रपाल गंगवार के सामने क्षेत्र में बिजली कटौती का मुद्दा उठाया गया ।जिस पर सांसद ने आंधी –पानी के कारण बेपटरी हुई व्यवस्था में शीघ्र सुधार होने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस बारे में उन्होंने विभाग के बड़े अधिकारियों से वार्ता की है ।नगर पालिका परिषद के रुके विकास कार्यों पर ईओ की कार्यशैली की शिथिलता के सवाल का सांसद ने अनसुना कर दिया।

# मूर्ति स्थापित न होने पर ग्रामीणों ने दी पलायन करने की धमकी



तहसीलदार से मिलने आए रुरिया गांव के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** बाबा साहेब आंबेडकर की मूर्ति को लेकर तहसील क्षेत्र के गांव रुरिया में चल रहे विवाद में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसील पहुंचकर परमिशन के लिए दोबारा आवेदन किया।

ग्रामीणों ने बताया उन लोगों ने अप्रैल में बाबा साहेब की मूर्ति को स्थापित करने के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया था। बुधवार को फिर से आवेदन किया। वहीं नायब तहसीलदार शुभम पांडे के समक्ष ऐलान किया कि उनको तहसील प्रशासन से एक हफ्ते का समय दिया गया है, यदि इन दिनों में उनको मूर्ति स्थापित करने की अनुमति नहीं दी गई तो वह स्वयं ही मूर्ति स्थापित कर लेंगे उसके लिए उन्हें चाहे आंदोलन क्यों न करना पड़े। प्रशासन ने उन्हें यदि प्रताड़ित किया तो वह भीम आर्मी से जुड़े सभी परिवार गांव से पलायन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उन्हें मूर्ति हटाने के समय आस्वस्थ किया था कि उन्हें एक सप्ताह में अनुमति दी जाएगी, लेकिन नहीं दी गई। इस मौके पर सुनील सागर,बबलू दिवाकर,शेर सिंह ,सोनपाल गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसानों के अफीम लाइसेंस निरस्त, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



किसान एकता संघ के सदस्य कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली मंडल में 3232 अफीम किसानों के लाइसेंस में से 2962 निरस्त कर दिए गए। इससे किसान नेताओं में नाराजगी है। किसान एकता संघ की अगुवाई में किसानों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। किसान नेता डॉ. रवि नागर ने वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

डॉ. रवि नागर ने बताया, सत्र 2023 एवं 24 में बरेली मंडल में 2323 किसानों को अफीम के लाइसेंस जारी किए गए थे। आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण 2962 किसानों के लाइसेंस होल्ड कर दिए। जबकि किसानों से 5 साल की फीस पूर्व में ही जमा करा ली थी। फिर भी लाइसेंस होल्ड कर दिए। यह सीधे तौर पर किसानों का शोषण है। किसान एकता संघ इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। नेताओं ने कहा, जब पिछले वर्ष अफीम का डोडा तैयार हो रहा था, तब फरवरी में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण 60 प्रतिशत अफीम की फसल नष्ट हो गई थी। जिसकी वजह से किसान मानक के अनुसार अफीम की फसल कार्यालय को जमा नहीं कर पाए थे। बिना उचित उचित कारण जाने विभाग ने लाइसेंस होल्ड कर दिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नए सत्र में लाइसेंस को रेगुलराइज नहीं किया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, जिला महासचिव अवधेश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष गिरीश गोस्वामी, शिशुपाल गंगवार, वीरेश, धनपाल मौर्य, रईस अहमद, रंजीत, विजय कुमार, मुनेश कुमार, झरगद सिंह, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोशालाओं की व्यवस्थाएं देखने आई टीम

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** संयुक्त निदेशक गोशाला के नेतृत्व में लखनऊ से आई टीम ने रिछा समेत तीन ब्लॉकों की गोशालाओं का निरीक्षण कर उनकी व्यवस्थाएं देगी।

संयुक्त निदेशक गोशाला एसके अग्रवाल, उप निदेशक डॉ. आर के भूषण, डॉ. केआर चौहान की टीम गोशालाओं के हाल देखने बरेली पहुंची है। बुधवार को टीम ने भोजपुरा और बहेड़ी की गोशाला समेत ब्लॉक दमखोदा (रिछा) की गोशाला को देखा और साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक रिछा के बीडीओ राजवी वर्मा, देवरनियां और रिछा के पशु डॉ. केपी सिंह के साथ ग्राम पंचायत सचिव भी शामिल रहे। डॉ. केपी सिंह ने बताया गोशालाओं के निरीक्षण के दौरान सबकुछ ठीक मिला।



मझगवां में गोशाला का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गोशाला में गंदगी देख टीम ने जताई नाराजगी

**राजपुरकलां, अमृत विचार :** लखनऊ से आए डिप्टी डायरेक्टर ज्ञानेंद्र कुमार और मदन मुरारी पटेल ने अपनी टीम के साथ ब्लॉक मझगवां की राजपुर कलां गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला के पास चल रहे नाले के निर्माण के कारण आसपास बेहद गंदगी और कीचड़ देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राम सचिव रूपराम सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय आर्य तथा प्रधान को गोशाला से बरसा के पानी को निकालने के लिए नाला निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोशाला के स्टॉक रजिस्टर चोकर तथा हरा चारा रजिस्टर को चेक किया। केयरटेकर दीपक से गोवंशीय पशुओं को रोजाना दिए जाने वाले चोकर और भूसा के मात्रा की जानकारी ली। केयरटेकर ने बताया कि इस समय गोशाला में 100 पशु है। निरीक्षण के दौरान मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी नरेश चंद्र शर्मा को भी पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करते रहने के निर्देश दिए।

### महिला को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार:** एक युवती ने अपने भाई के साथ मिलकर एक महिला के घर में घुसकर मारपीट की, पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांव बहोरगला निवासी काजल ने बताया मोहल्ले की ही रहने वाली कोमल वर्मा अपने भाइयों के साथ घर में घुस आई गली देने लगी। विरोध करने पर उसे भाई के साथ मिलकर मारपीट की। उसके शोर मचाने पर आरोपी भाग गए।

# कांवड़ियों के मार्ग की हो मरम्मत

**आंवला, अमृत विचार:** सावन में कांवड़ियों के गुजरने वाले जर्जर मार्ग की मरम्मत कराने की मांग कर चेयरमैन आंवला ने डीएम को पत्र सौंपा है। डीएम ने पीडब्ल्यूडी को मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं।

चेयरमैन ने बताया मंगलवार शाम जिलाधिकारी ने एक बैठक आयोजित की थी। बैठक में उन्होंने सावन माह के पर्व पर कांवड़ियों के गुजरने वाली सड़क पर गड्ढे होने की बात से अवगत कराकर कस्बे में सड़क का चौड़ीकरण और मरम्मत कराने की मांग कर डीएम को एक पत्र सौंपा था। उन्होंने बताया कि कस्बा स्थित स्व. जगदीश चन्द्र पार्क से महाराणा प्रताप स्वागत द्वार तक बदायूं रोड काफी जर्जर है। वर्षा ऋतु में सड़क के गड्ढों में जल भराव की स्थिति हो जाती है। श्रावण में कांवड़ यात्रियों और नगर की आम जनता को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग से शिव भक्त पुरैना मन्दिर, मनौना शिव मंदिर और गौरीशंकर गुलड़िया मंदिर जलाभिषेक करने के लिए जाते है।

## सार-संक्षेप

### सांसद ने किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण



**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के व्यस्तम चौराहे पर लगी सरदार पटेल की प्रतिमा को एसडीएम कार्यालय परिसर में स्थानांतरित किया गया है ।सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की नवस्थापित प्रतिमा का अनावरण किया। सरदार पटेल की सत्यनिष्ठा और निर्भीक शासन प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश को नई दिशा देने का कार्य किया। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कुछ तात्कालिक कार्यों से सरदार पटेल देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सके थे ।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर, डॉ. एके गंगवार, रवि गंगवार, नीरेन्द्र सिंह राठौर, डॉ. मीनाक्षी गंगवार,रविन्द्र सिंह राठौर , डॉ. पूजा गंगवार, दीपक सूरी, राजू गंगवार, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता व नत्थूलाल आर्य के साथ ही नगर परिषद के अधिकांश सभासद तथा पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सांसद ने नगर परिषद की ओर मुख्य मंत्री नगर सृजन योजना के तहत याकूबपुर व बिजौरिया वार्डों में बनवाए गए सीसी व इंटरलाकिंग मार्गों का उद्घाटन भी किया ।

### फूलों की होली के साथ भागवत का विश्राम



**फरीदपुर, अमृत विचार :** ग्राम अठायन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन फूलों की होली के साथ कथा को विश्राम दिया गया। सात दिनों तक कथा व्यास ने भागवत से विविध प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति के गोते लगवाएं। आखिरी दिन कथा व्यास आचार्य संदीप शंखधार ने महाराजा परीक्षित के जन्म की कथा और भगवान के विविध अवतारों के प्रसंग सुनाएं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को मनाते हुए आचार्य ने उनकी बाल लीलाओं का गायन करते हुए गोवर्धन लीला सुनाई। इसके साथ ही श्रीकृष्ण के 16108 विवाहों का वर्णन करते हुए सुदामा चरित्र के साथ दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की कथा सुनाई के साथ राजा परीक्षित का मोक्ष का वर्णन किया। कथा के विश्राम के दौरान फूलों की होली खेली गई।

### संगठन को मजबूत करने को सपा की हुई बैठक

**मीरगंज, अमृत विचार :** सपा की बुधवार को सुरेश गंगवार विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी एवं विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्षों के संगठन को लेकर बैठक हुई। जिसमें आगामी चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई।जिसमें महासचिव शिवम सक्सेना, जोन प्रभारी सरदार हरभजन सिंह,शकील अंसारी, नरेश कश्यप, नावेद खान, मकदूम अंसारी,कफील अंसारी, इकरार रहमानी, डॉ. नसुरुत उल्ला, कडेराम कोली, गंगा सिंह लोधी, मनोज शर्मा, अंकित वाल्मीकि, अरविंद गंगवार, नईम खान, बशीर खान, अजर अली, तुलाराम राजपूत, कुंवरसेन राजपूत, कुंवरपाल गंगवार, सियाराम राजपूत, भूपराम वर्मा, राजू वाल्मीकि एवं सभी सेक्टर प्रभारी जोन प्रभारी एवं सभी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### लखीमपुर के ग्रामीण कार सेवा से बना रहे सड़क



**शीशगढ़, अमृत विचार :** गांव लखीमपुर को जाने वाली 200 मीटर की सड़क दशकों से बदहाल है, जो बरसात में कीचड़ से पट जाती है, ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अभी हाल में हुई बारिश से सड़क कीचड़ से पट गई, जिससे चलने में काफी परेशानी होने लगी। इसी को देखते हुए बाद बुधवार को ग्रामीणों ने कार सेवा से ही सड़क पर मिट्टी डालकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह उनके गांव को आने जाने वाला सबसे अहम रास्ता है, जो दशकों से खराब पड़ा है, बरसात में सड़क कीचड़ से पट जाती है। इस वजह से स्कूली बच्चों और किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कार सेवा में हेमंत गंगवार, कुलदीप सिंह चौधरी, करनसिंह गंगवार, राजीव सिंह चौधरी, प्रमोद गंगवार,अमित सक्सेना विनोद गंगवार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### अलीगंज में एपीएल क्रिकेट मैच की शुरुआत



**अलीगंज, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत अलीगंज में बुधवार को एपीएल क्रिकेट मैच की शुरूआत हुई। डॉ. जीराज सिंह यादव ने फीता काटकर प्रतियोगितता की शुरूआत कराई। पहला मैच करेली और खैलम की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खैलम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। ग्रामीणों में मैच को लेकर उत्साह देखने को मिला।

### बारिश होते ही पॉश कॉलोनी में हुआ जलभराव

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** क्षेत्र की पॉश कॉलोनी में जलभराव हो गया ।पार्कएवन्यू के निवासी पहली ही बारिश में जलभराव से जूझते नजर आए। कॉलोनी में बने भवन के चारों तरफ जल भराव देखने को मिला। लोगों को अपने–अपने क्वार्टरों से पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है ।यहां रहने वालो ने आरोप लगाया कॉलोनाइजर लोगों को प्लॉट बेचते समय झूठे वादे करते है, जब यहां लोग रहने आते है तो सुविधाएं नहीं मिलती।

# शिक्षकों के चयन वेतनमान की प्रक्रिया शुरू

**रिठौरा, अमृत विचार :** एक ही पद पर निरंतर सेवा पर शासनादेश अनुसार शिक्षकों चयन वेतनमान दिया जाता रहा है। 1 जनवरी 2025 से शासन ने इसे ऑनलाइन स्वीकृति के लिए नियम बनाया, जिनकी दस साल सेवा हो चुकी है।

उन सभी के चयन वेतनमान ऑनलाइन स्वीकृत कर लाभ मिलेगा। परंतु बीएसए और वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में संगठन ने कई बार लिखा और मिलकर कहा कि इस प्रक्रिया को शुरू करें, परंतु दोनों कार्यालय एक दूसरे पर टालते रहे, इसीलिए संगठन ने दोनों कार्यालय की कार्यशैली को देखते हुए 9 जून को धरना दिया।10 जून को चयन वेतनमान को हो रही देरी पर जिलाधिकारी से मिलकर स्थिति से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी के हस्तक्षेप पर इस काम में तेजी आई । बुधवार को जिस वजह से देरी हो रही थी एल वन आईडी न बन रही, वह अब बनकर शासन से अप्रूवल हो गई । शिक्षकों के चयन वेतनमान के स्वीकृत में आ रही सभी समस्याएं दूर हो गई है। अब शिक्षकों को जुलाई 2025 से चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाएंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय भारती पुत्र श्री जंगबहादुर निवासी मो. कच्चा कटरा आंवला बरेली मेरी पहचान पत्र एवं मार्कशीट में मेरा नाम अजय जे.जे. है जो कि आधार कार्ड और पैन कार्ड पर नहीं आ पा रहा है। इस कारण से मैं अपना नाम अजय भारती रख रहा हूं।

सूचना
मैं अपने भाई सत्यपाल व उसकी पत्नी श्यामा (भाभी) के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर हमेशा के लिए सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **पूनम उर्फ कन्या पत्नी राजन पुत्री स्व0 बाबू निवासी मोहल्ला नेकपुर गल्ला मण्डी थाना सुभाषनगर जिला बरेली।**

सूचना
मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र सह प्रमाण मेरे पिता का नाम Kashmeer Singh अंकित है तथा इण्टरमीडिएट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम Kashmir Singh अंकित है। उक्त सही नाम हाईस्कूल के अंकपत्र में संशोधित किया जाये। **पवनदीप कौर पुत्री कश्मीर सिंह नि. ग्राम पढुवा, पो. त्रिकौलिया, तह. पलिया जनपद लखीमपुर खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।






आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए । धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए । किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए ।

## संपादकीय

# नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल-ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

# जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।**

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजननीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

**दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।**

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटेलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाईन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एक-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

## प्रसंगवश

# बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।**

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।

भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

## सोशल फोरम

# वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल खुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

**कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।**

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैश रिसाइक्लिंग मशीन से 1.39 करोड़ उड़ाने वाले दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- एटीएम में कैश जमा करने वाला कंपनी का कर्मचारी भी शामिल तीन शातिर गिरफ्तार

**अमृत विचार :** कैश रिसाइक्लिंग मशीन (सीआरएम) से 1.39 करोड़ रुपये उड़ाने वाले तीन शातिरों को किदवईनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर गिरोह का खुलासा किया है। आरोपियों में एक एटीएम में कैश जमा करने वाली कंपनी का कस्टोडियन था। जिसके पास एटीएम खोलने की चाभी रहती थी और आसानी से रुपये पार कर लेते थे।

एटीएम से पैसे उड़ाने में कोयलानगर के तीन भाइयों के नाम भी सामने आए हैं, पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बुधवार को गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि सभी पर गैंगस्टर लगेगा और संपत्ति जब्त होगी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने एक करोड़, 38 लाख, 91 हजार 500 रुपये हड़पे हैं।

डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बैंकों में लगे एटीएम को संचालित करने और उनमें कैश डालने वाली कंपनी हिटाची पेमेंट सर्विसेज के फ्रॉड एंड रिस्क विभाग के असिस्टेंट मैनेजर घनश्याम ओमर ने सीआरएम से रुपये निकलने की रिपोर्ट किदवईनगर थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि किदवईनगर जी-ब्लॉक में बैंक ऑफ बड़ौदा की सीआरएम से बीती 21 मार्च से 24 अप्रैल तक 1.38 करोड़ रुपये चोरी हुए हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि कुछ शातिर मशीन की ट्रे में रुपये डालने के बाद नीचे चाभी लगाकर रुपये निकाल लेते हैं।

### क्या है सीआरएम

सीआरएम एटीएम को कैश रिसाइकिलिंग मशीन कहा जाता है। इस एटीएम के माध्यम से जमा व निकासी दोनों की जा सकती है। इस मशीन से दोनों काम आसानी से होते हैं, जिससे काफी सहूलियत मिलती है।

## यूपी ने जेम पर खरीद प्रणाली में रचा इतिहास

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने एक बार फिर डिजिटल और पारदर्शी प्रशासन में अपनी अग्रणी भूमिका को साबित किया है। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से की गई खरीद में यूपी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रशंसा की है। गोयल ने योगी सरकार के इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बताया है। पीयूष गोयल ने पत्र के साथ ही 5 वर्षों में जेम पर प्रदेश सरकार द्वारा की गई खरीद का डाटा भी दिया गया है, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार ने 2020-21 से 2024-25 के दौरान कुल 65,227 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीद की है।

### आस्था : लोअर प्लिंथ व परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल किए जा रहे स्थापित

# राम मंदिर: सचित्र रामायण के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्री रामलला का दर्शन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा पथ पर पूरे रामायण के सचित्र दर्शन प्राप्त होंगे। इसके लिए मंदिर के लोअर प्लिंथ पर पत्थरों के बने रामायण के प्रसंग और परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल स्थापित किए जा रहे हैं। मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत की निगरानी में इस कार्य को अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मंदिर के लोअर प्लिंथ पर म्यूरल लगाए जाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। पत्थरों पर रामायण कालीन विभिन्न प्रसंग पर आकर्षक चित्र लोगों को अभिभूत करेंगे। जिसमें लगभग 85 म्यूरल तैयार किया जा रहा है।



राम मंदिर के लोवर प्लीथ पर लगा म्यूरल। ● अमृत विचार

65 म्यूरल राम मंदिर परिसर पहुंच चुके हैं। इसमें 12 से अधिक कारीगर निर्धारित स्थान पर लगाए जाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं ट्रस्ट इन म्यूरल को सुरक्षित रखने के लिए शीशे का प्रयोग करेगा, जिससे दर्शन करने के दौरान श्रद्धालु म्यूरल पर अपने हाथ का स्पर्श न करें। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक परिसर में मंदिरों के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। परकोटे के निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जो कि निर्धारित समय तक पूरा कर लिया जाएगा।

इसके अलावा मंदिर के लोअर प्लिंथ पर रामायण कालीन प्रसंग के म्यूरल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कलाकृतियां पूरे परिसर को और भी सुशोभित करने जा रही हैं। जो भी भक्त श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे उन्हें इन सभी म्यूरल का भी दर्शन प्राप्त होगा। इस दर्शन के माध्यम से रामायण के घटनाक्रम की जानकारी भी उन्हें मिलेगी।

## चारधाम: अब तक 32 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून, अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चारधामों के साथ ही अन्य मंदिरों / तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं।

उत्तराखंड में स्थित चारों धामों में प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 713456, गंगोत्री के लिए 780554, केदारनाथ के लिए 1443513, बद्रीनाथ के लिए 1336923 और हेमकुंड के लिए 169180 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है।

# अमेठी में एसडीएम को गाड़ी से खींचा, तोड़फोड़

### सरकारी जमीन से कब्जा हटाने गई थी राजस्व टीम, पत्थरबाजी देख कोतवाली पहुंच टीम ने बचाई जान

संवाददाता, गौरीगंज(अमेठी)

**अमृत विचार :** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित माधोपुर वार्ड नंबर 13 में बुधवार को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी और लेखपाल सिराज अहमद के घायल होने की खबर है। यही नहीं, आक्रोशित महिलाओं ने एसडीएम प्रीती तिवारी को घेरकर गाड़ी से खींचने का प्रयास किया, उनके साथ धक्का-मुक्की कर अभद्रता की। साथ ही सरकारी वाहनों में भी तोड़फोड़ की।

जानकारी के अनुसार, माधोपुर निवासी भोलानाथ सिंह ने सरकारी चक रोड पर कब्जे की शिकायत की थी। बुधवार को शिकायत के आधार पर एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। टीम में नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी,



एसडीएम से अभद्रता करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी व लेखपाल सिराज अहमद घायल

कानूनगो संतोष सिंह, लेखपाल मनीष सरोज, गौरव यादव, कुलदीप यादव, रंजीत यादव, अनूप गुप्ता और सिराज अहमद शामिल थे। जैसे ही टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, गांव के दबंगों ने पथराव और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में टीम के कई सदस्य घायल हो गए। दबंग महिलाओं ने एसडीएम की गाड़ी को घेर उन्हें गाड़ी से खींच नीचे उतार लिया, धक्कामुक्की की। स्थिति गंभीर होते देख राजस्व टीम ने किसी तरह भागकर जान बचाई और गौरीगंज कोतवाली पहुंची। शिकायतकर्ता भोला नाथ सिंह ने बताया कि चक रोड पर उदयभान सिंह और उनके परिजनों ने टिन शेड लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। वह 2019 से इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

बुधवार को टीम जब मौके पर पहुंची, तो दबंगों ने हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ अखिलेश वर्मा, महिला थाना प्रभारी समेत जामो व मुंशीगंज थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करवा दिया है। एएसपी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में संलिप्त पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पहले भी सुर्खियों में रह चुकी एसडीएम

प्रीति तिवारी पिछले सितंबर में भी सुर्खियों में रह चुकी हैं। मुसाफिरखाना की एसडीएम रहते हुए उनपर एक महिला पत्रकार ने गंभीर आरोप लगाए थे। प्रीति तिवारी पर पैतृक जमीन कब्जा कराने का आरोप था। प्रीति तिवारी 2020 बैच की यूपी पीसीएस ऑफिसर हैं। उनकी पहली ज्वाइनिंग जून 2021 में हुई थी। उन्हें पहली पोस्टिंग फर्रुखाबाद की डिप्टी कलेक्टर के रूप में मिली थी। उन्होंने 25 जून 2022 तक यह कार्यभार संभाला। इसके बाद वो अमेठी में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त कर दी गई।

"गौरीगंज तहसील की एसडीएम अपनी टीम के साथ माधोपुर गांव में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने गई थी। इस दौरान टीम के साथ अभद्रता की गई। गांव की महिलाओं और पुरुषों ने गाड़ियों पर पथराव किया है।

–**अर्पित गुप्ता**, एडीएम

## मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों पर पलटा वाहन, 4 की मौत



दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन से उठाया गया। ● अमृत विचार

आगरा, एजेंसी

- आगरा में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की हालत गंभीर

आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह आम से भरा एक लोडर वाहन फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों पर पलट गया।

हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सभी लोग डिवाइडर पर बैठे थे। सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई।अधिकारी ने बताया कि वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ते समय नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। वाहन किनारे से फिसला और ऊंचाई से नीचे गिर गया। फ्लाईओवर के नीचे तीन लोग - राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) सुबह की सैर के बाद बैठे थे, वाहन उनके ऊपर गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### आठ वर्षीय छात्र वेदांत ने 12 मिनट में पार की यमुना



**प्रयागराज, अमृत विचार :** टैगोर पब्लिक स्कूल के तीसरी कक्षा के आठ वर्षीय छात्र वेदांत उर्फ (कुंज) ने 12 मिनट में यमुना पार कर सभी को चौंका दिया है। वेदांत के गुरु अजय खन्ना है। गुरु ज्ञानचंद स्विमिंग क्लब की ओर से 35 वर्षों से तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे विशेषज्ञ गुरु अजय खन्ना दें रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में वेदान्त ने मात्र एक हफ्ते की ट्रेनिंग में यमुना के बरगढ़ घाट से महेवा तक मात्र 12 मिनट में पार किया। वेदांत राजरूपुर निवासी प्रीतम और कुसुम के छोटे बेटे हैं। वेदांत टैगोर पब्लिक स्कूल मीरापुर में तीसरी कक्षा के छात्र हैं। वेदांत का कहना है कि वह पढ़ाई के साथ तैराकी के क्षेत्र में नाम रोशन करना है। टैगोर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना तिवारी ने छात्र वेदांत को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 6 जिलों में ड्रोन से शुरू हुई फसलों की सुरक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा। योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सहजता से अपना सकें। योगी सरकार की योजना है कि इस प्रणाली को जल्द ही अन्य जिलों में भी लागू किया जाए।

### फाइलेरिया की रोकथाम में जौनपुर व महोबा आगे

**लखनऊ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीते मई माह में 13 जिलों में संपन्न हुए ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) में जौनपुर और महोबा ने बेहतर काम किया है। जबकि शाहजहांपुर, बलिया और चित्रकूट का प्रदर्शन औसत से कम रहा। यह जानकारी बुधवार को संस्था सी-कैंप के सहयोग से स्थानीय होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए। राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 13 जिलों के 118 ब्लॉकों में टास-वन सर्वे किया गया।

### कृषि निदेशक बने डॉ. पंकज त्रिपाठी

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने राज्य के नये कृषि निदेशक की जिम्मेदारी डॉ. पंकज त्रिपाठी को सौंपी है। पंकज त्रिपाठी अब तक प्रबंध निदेशक बीज विकास निगम की कुर्सी संभाल रहे थे। जबकि, प्रबंध निदेशक बीज विकास निगम का जिम्मा पीयूष शर्मा को सौंपा गया है। पीयूष शर्मा निदेशक, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमानखेडा लखनऊ के पद पर थे। इसी क्रम में प्रतीक्षारत हरेंद्र कुमार उपाध्याय को निदेशक, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमानखेड़ा बनाया गया है।

### लोमड़ी और सियार के काटने से मौत पर मिलेंगे 4 लाख

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी में अब लोमड़ी और सियार के काटने से होने वाली मौत पर चार लाख का मुआवजा दिया जाएगा। अब प्रदेश में 11 ऐसे जानवर हो गए हैं जिनके लिए मुआवजा मिलेगा। यूपी में बाघ, शेर, तेंदुआ, भेड़िया, लकड़बग्घा, मगरमच्छ, हाथी, गैंडा और जंगली सुअर के हमले से इंसान की जान जाने पर पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है। इन सभी जानवरों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की श्रेणी-1 में रखा गया है। वहीं, श्रेणी-2 में लोमड़ी और सियार को स्थान दिया गया है।

### केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन, 2 की मौत

**देहरादून, अमृत विचार :** केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी बरसाती नाले के पास बुधवार सुबह भूस्खलन होने से उसकी चपेट में आए दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत तीन अन्य घायल हो गए। पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने के कारण इस क्षेत्र से गुजर रहे कुछ यात्री तथा पालकी संचालक इसकी चपेट में आकर खाई में जा गिरे। हादसे का शिकार हुए लोगों की पहचान की जा रही है।

## 32.13 लाख की ठगी का शिकार हुए रिटायर्ड संयुक्त निदेशक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जनपद नैनीताल के रहने वाले रिटायर्ड संयुक्त निदेशक गायनेकोलॉजी के साथ 32.13 लाख रुपये की साइबर ठगी होने का मामला सामने आया है। बताया कि अज्ञात कॉलर ने खुद को ट्रेजरी कर्मी बताकर झांसा दिया। तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

जेकेपुरम ब्लॉक एफ छोटी मुखानी नैनीताल निवासी शरदिंदु शाह ने बताया कि वह 31 दिसंबर 2024 को संयुक्त निदेशक गायनोकॉलोजी विभाग बरेली से रिटायर्ड हुए थे। जनवरी 2025 से उनकी पेंशन प्रारंभ हुई थी। जिसका खाता पीएनबी बैंक में था। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को ट्रेजरी का कर्मचारी बता रहा था।

उन्होंने बताया कि तकनीकी



- बरेली गायनेकोलॉजी विभाग से हुए थे रिटायर्ड, ट्रेजरी कर्मी बनकर दिया झांसा

खराबी होने के कारण पेंशन नहीं आई थी, लेकिन ऑनलाइन ही पुनःखाता प्रारंभ हो जाएगा। 21 अप्रैल से 9 जून तक 27 ट्रांजेक्शन के माध्यम से खाते से 32.13 लाख की धनराशि कंप्यूटर संसाधनों से निकाली गई। जब बैंक जाकर पड़ताल की तो पता चला कि खाते में महज 56.67 रुपये ही शेष बचे हैं। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंस्टा पर डाला पोस्ट, मेटा की सतर्कता से बची छात्रा की जान

**रायबरेली, अमृत विचार :** अलविदा...सारी मम्मा पामा... इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट शेयर कर आत्महत्या करने जा रही छात्रा की जान मेटा की सतर्कता और पुलिस के त्वरित कार्रवाई से बच गई। मेटा से मैसेज मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। महज आठ मिनट में घटना स्थल पर पहुंच युवती को बचा लिया। जी हां, सुनने में जरूर अजीबो गरीब लग रहा होगा, लेकिन यह घटना काल्पनिक नहीं सच्ची है। आत्महत्या करने जा रही युवती की जान इसलिये बच गई क्योंकि उसने सुसाइड अटेम्पट से पहले अपने माता पिता को इंस्टाग्राम पर मैसेज छोड़ा था। युवती बीए की छात्रा है और परिजन उसकी मर्जी के खिलाफ उसका विवाह करना चाहते हैं। इंस्टाग्राम पर मैसेज डालने से मेटा तुरंत हरकत में आया और उसने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बचा लिया।

# अमरोहा के दौलतपुर में बवाल: घर में घुसकर लगाई आग, तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** पत्नी को ससुराल से लेने आए युवक की कार बाइक से टकरा गई। बाइक सवार युवकों ने कार में तोड़फोड़ कर युवक के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं हमलावर घर में घुस गए और कारखाने में आग लगा दी। इसके बाद घर में तोड़फोड़ कर परिवार के साथ मारपीट की। मामला दो समुदायों का होने के कारण पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर एसपी, एएसपी सहित तीन थानों की पुलिस पहुंच गई। बमुश्किल हालात संभाले। देर रात तक पुलिस गांव में डटी रही।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दौलतपुर के के रहने वाले इब्ने हसन ने 10 जून को अपनी बेटी शबाना की शादी डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी जावेद के साथ की थी। तीन दिन से शबाना मायके आई हुई है। बुधवार को जावेद पत्नी



घर के अंदर कारखाने में उठतीं लपटें।

शबाना को लेने के लिए ससुराल कार से आ रहा था। गांव में रास्ता तंग होने के कारण गांव निवासी बब्लू सिंह की बाइक से कार की टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में हुई कहासुनी ने देखते ही देखते संघर्ष का रूप ले लिया।

आरोप है कि बाइक सवार बब्लू सिंह और उसने दोस्त ने जावेद के साथ मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ कर दी। वहां से भागा जावेद सीधे अपनी ससुराल पहुंच गया। थोड़ी

- एसपी के साथ तीन थानों की पुलिस ने संभाले हालात

देर में कुछ युवक इब्ने हसन के घर में घुस गए और परिवार के लोगों को पीटना शुरू कर दिया। हमलवारों से खुद को बचाने के लिए इब्ने हसन समेत परिवार के अन्य लोगों को घर से भागना पड़ा। इस दौरान गुस्साई भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने घर और कारखाने में आग लगा दी। इसके बाद आरोपियों ने वाहनों में भी तोड़फोड़ की। एएसपी, सीओ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार के साथ ग्रामीणों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। इसके बाद तीन थानों की पुलिस और पहुंची। तब हालात संभले। बाद में एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल पहुंचकर हालात जाने। परिजनों को हर संभव कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

# पीलीभीत में नगरपालिका ने लिया सपा कार्यालय पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** आखिरकार नगर पालिका ने अपने ईओ आवास पर कब्जा ले ही लिया। भारी फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस-प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों ने न तो ताले तोड़े न ही सामान निकलवाया। उसी भवन पर अपना ताला जड़कर कब्जा ले लिया।

चंद मिनट में ही रंगाई-पुताई कराकर ईओ आवास के फ्लैक्स चस्पा करा दिए गए। विरोध में जिला अध्यक्ष की अगुवाई में जमा हुए सपाइयों से अधिकारियों की नोकझोंक हुई, लेकिन भारी पुलिस बल के आगे ज्यादा देर नहीं चल सकी। सभी को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया गया। इधर, नगरपालिका ने ईओ आवास पर कब्जा ले लिया। इस कार्रवाई के दौरान नकटादाना चौराहा पर हड़कंप मचा रहा। दिनभर पुलिस बल की तैनाती के बीच रंग-रोगन कार्य चलता रहा। नकटादाना चौराहा पर स्थित ईओ आवास में संचालित



सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी के बीच नोकझोंक।

सपा कार्यालय को खाली कराने के लिए एक दिन पहले ही अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार की ओर से नोटिस चस्पा करा दिया गया था।

इसमें बुधवार 18 जून की सुबह कब्जा लेने की बात कह दी गई थी। इसी क्रम में सुबह से ही भारी पुलिस बल कई थानों की पुलिस सपा कार्यालय के बाहर मुस्तैद कर दी गई। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, ईओ संजीव कुमार मौके पर पहुंच गए। भवन पर सपाइयों का ताला डाला हुआ था। समाजवादी पार्टी के नेता कहीं दिखाई नहीं दे रहे थे।

सुरक्षा इंतजाम के बीच सबसे पहले परिसर में लगे सपा के झंडे हटवाए गए। इसके बाद रंगाई-पुताई करा दी गई। भवन के बाहर की तरफ जहां-जहां सपा से जुड़ा कुछ भी लिखाई थी, उसके ऊपर पेंट कराकर ईओ आवास

- पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बुधवार सुबह शुरू हुई कवायद
- विरोध पर पार्टी जिलाध्यक्ष समेत कई हिरासत में लिए गए, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया

लिखवा दिया गया। कई बैनर भी लटका दिए गए। नगरपालिका की टीम ने पहले ताले खोलने का प्रयास किया, लेकिन जब नहीं खुले तो उसके ऊपर से ही अपना नया ताला जड़ दिया। सुबह करीब 10 बजे के बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, मखदूम खां, इम्तियाज अल्वी, महिला मोर्चा की आशा वर्मा, पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार समेत करीब 20 कार्यकर्ता केजीएन कॉलोनी से निकलकर नकटादाना चौराहा की तरफ बढ़े। पुलिस प्रशासन ने सभी को चौराहा के दूसरी तरफ ही रोक लिया। नोकझोंक के बाद सपा नेता धरने पर सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी की। सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ से सपा जिलाध्यक्ष की तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि पुलिस बल अधिक होने और अधिकारियों की संख्ती के आगे ज्यादा देकर तक चल नहीं सकी। धक्कामुक्की शुरू हुई और फिर जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी -कार्यकर्ताओं को दो पुलिस वैन में बैठाकर पुलिस लाइन भिजवा दिया गया। वहां पर करीब तीन घंटे तक रोककर रखा गया और सभी के नाम पते नोट किए गए। इधर, टीमें लगी हुई थी, जिन्होंने भवन को सपा कार्यालय से ईओ आवास में परिवर्तित कर दिया। दिनभर पुलिस बल की तैनाती रही। बताते हैं कि करीब 200 सिपाही कई थानों की फोर्स के साथ अफसर मुस्तैद थे। नकटादाना चौराहा छावनी भी तब्दील हो गया था। दमकल की गाड़ी भी मौके पर खड़ी करा दी गई थी।

## एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई के लिए संसाधन नहीं : अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मानक के अनुरूप पर्याप्त प्रोफेसर, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ और आधारभूत ढांचा नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन नहीं है । मेडिकल कॉलेज के नाम पर इमारतें खड़ी है। सरकार मेडिकल कॉलेजों को सुचारू रूप से नही चला पा रही है।

सपा प्रमुख ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों को उनकी जरूरत के अनुसार बजट नहीं देती है । गरीब और आम जनता को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले मंत्री विभाग की व्यवस्था संभालने के बजाय समाज को लड़ाने में ज्यादा रूचि रखते हैं। अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है।

# केशव प्रसाद मौर्य बनाए जा सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे में योगी से कराई मौर्य की सुलह**
- **दिल्ली में योगी के प्रस्ताव पर मौर्य को मिल सकती कमान**

**अमृत विचार :** मेरे मित्र केशव प्रसाद मौर्य..., पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की ओर से उप मुख्यमंत्री के लिए लखनऊ में इस संबोधन का असली मर्म अब सामने आने वाला है। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है। योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है।

गृह मंत्री के अमित शाह 15 जून के लखनऊ दौरे पर थे। बताते हैं कि इसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सितारा चमकने की नींव रखी गई। हालांकि नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के भव्य समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी नेताओं का नाम उनके पदानुसार बोला। लेकिन सिर्फ केशव प्रसाद का नाम लेते समय व्यक्तिगत अनुराग प्रदर्शित करते हुए मेरे मित्र का संबोधन करके सबको चौंका दिया था। इसे लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि मेरे लिए तो वह गुरु समान हैं। यह अमित शाह का बड़प्पन है कि उन्होंने उन्हें अपना मित्र बताया। कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सियासत में सीखा है वो, अमित शाह के मार्गदर्शन में ही सीखा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी समेत संघ को काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आए नामों के पैनल में किसी एक पर मुहर लगाना मुश्किल हो रहा था। विपक्ष भी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त न करने पर सवाल करने लगा था। दलित और पिछड़ा वर्ग को ही कमान देने पर सहमति पहले ही बन गई थी। लेकिन संघ ने एक बड़ी शर्त जोड़ी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बैक ग्राउंड संघ से जुड़ा हो। इसपर मौर्य पूरी तरह खरा उतरते दिख रहे हैं। उनका पूरा जीवन संघ और अनुषांगिक संगठन विहिप, बजरंग दल, गो रक्षा और पिछड़ों को संगठित करने में खपा है। राममंदिर आंदोलन में उनकी संगठन क्षमता का संघ नेतृत्व कायल था। उनके प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने संसदीय चुनाव जो जीत यूपी में दर्ज की, वह रिकार्ड अभी नहीं टूटा है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनने से चूक गए केशव को राष्ट्रीय संगठन का मुखिया बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

सूत्रों के मुताबिक, योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है और योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिल्ली दौरे पर हैं। राष्ट्रपति से मिलने के बाद वे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात कर मौर्य की ताजपोशी का रास्ता साफ होगा।





### ब्रजेश पाठक करेंगे बीएल संतोष से मुलाकात

सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बोम्माराबेट्टू लक्ष्मीजनार्दन संतोष से मुलाकात करेंगे। ब्रजेश पाठक के अलावा केशव प्रसाद मौर्य के भी दिल्ली जाने की खबर है।

## अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

## एक नजर

### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी, मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। झारखंडेश्वर महादेव मंदिर 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

### अनुकूल रहेगा मौसम खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। बैठक में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें खासकर दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बात की गई।

# राष्ट्रपति को आयुष विवि के लोकार्पण का न्योता

## दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने की द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, 30 को गोरखपुर आएंगी राष्ट्रपति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **गोरखपुर में खुल रहा है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने 30 जून को आने पर मुहर लगा दी है। इसी के साथ अधूरे बचे कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने में शासन जुट गया है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को जनता दर्शन करने के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। वे 11.45 बजे यूपी सदन पहुंचे। जहां से राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके 30 जून को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण का निमंत्रण दिया। यह विवि भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है। इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**प्रदेश के 97 आयुष कॉलेज विश्वविद्यालय से हैं संबद्ध :** आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज व संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पाठ्यक्रमों को लेकर आयुष विश्वविद्यालय ने जो आगामी कार्ययोजना बनाई है, उसमें पीएचडी, बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद, बी फार्मा आयुर्वेद, बी फार्मा होम्योपैथ, बी फार्मा यूनानी, पंचकर्म असिस्टेंट डिप्लोमा, पंचकर्म थेरेपिस्ट डिप्लोमा, विदेशी छात्रों के लिए डिप्लोमा, क्षारसूत्र डिप्लोमा, अग्निकर्म डिप्लोमा, उत्तरवस्ति डिप्लोमा और योग नेचुरोपैथी डिप्लोमा शामिल है।


नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# अब किसानों को गुमराह करना नहीं होगा आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राजस्व परिषद आधुनिक तकनीक से भूमि संबंधी प्रकरणों को बनाएगा त्रुटिहीन**

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग के कथित चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अब किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन की कागजी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राजस्व परिषद अब प्रदेश के किसानों को तमाम सुविधाओं का अधिकारी बनाने जा रहा है।

इस कवायद के तहत राजस्व विभाग किसानों को उनकी भूमि पर अधिकार सम्बन्धी अभिलेख खतौनी त्रुटि रहित उपलब्ध कराने, बैनामे के बाद स्वतः म्यूटेशन कर अभिलेखों को अद्यतन करने, गाटों को आधुनिक उपकरण के माध्यम से अविलंब पैमाइश कराने और मानचित्रों को शुद्धता के साथ गूगल मानचित्र की तरह उपलब्ध कराने जैसी अनेक प्रकार की सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध करायेगा।

यह जानकारी अध्यक्ष, राजस्व परिषद, अनिल कुमार ने साझा की। अनिल कुमार राजस्व परिषद कार्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2023 बैच के लगभग 50 प्रशासनिक अधिकारियों (प्रशिक्षु) को संबोधित कर रहे थे। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों को आधुनिक तकनीक को अंगीकृत करने की सलाह दी।

# बेटी से छींटाकशी पर पिता ने युवक को पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार:** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में हैडपंप पर पानी भरने गई विवाहित बेटी से युवक ने छींटाकशी कर दी। इस पर बेटी के पिता ने युवक को लाठी से पीट दिया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी राकेश की विवाहिता पुत्री ससुरालियों से चल रहे किसी विवाद को लेकर करीब तीन माह से अपने पिता के घर रह रही है। बताया गया कि बुधवार को वह गांव के हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान वहीं का निवासी कल्लू (28) पुत्र चंद्रशेखर राजपूत नशे की हालत में पहुंच गया और युवती से छींटाकशी कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज शुरू कर दी। घटना से आहत युवती घर पहुंची और पिता को पूरी बात बताई। गुस्से में आए पिता राकेश ने हैंडपंप के पास ही कल्लू को पड़कर लाठी से पीट दिया। इससे युवक बेहोश होकर वहीं गिर गया। काफी देर तक उसे कोई उठाना नहीं आया और वह पड़ा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व सदर सीओ अर्चना सिंह मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# सूरीनाम में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सूरीनाम के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने किया उप्र. कौशल विकास मिशन का दौरा**
- **वर्चुअल कोर्स के जरिए कौशल विकास को सुलभ बनाने का दिया सुझाव**

**अमृत विचार :** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उप्र. दौरे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर यहां के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके।

उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।


लखनऊ में अधिकारियों के साथ चर्चा करते सुभाष पी. गुप्ता।

> युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> – पुलकित खरे, मिशन निदेशक कौशल विकास

> यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।
>
> –प्रिया सिंह, अपर मिशन निदेशक कौशल विकास

# निजीकरण के साथ घरेलू बिजली दरों को लेकर भी गर्माएगा माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दोनों मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे कर्मचारी संगठन, शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र हो रहे प्रभावित**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में निजीकरण के साथ घरेलू बिजली दरों को लेकर भी अब माहौल गर्माएगा। दोनों मुद्दों को लेकर कर्मचारी संगठन बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे क्योंकि नयी दरों से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद का स्पष्ट कहना है कि, निजीकरण से पहले विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी सोची-समझी रणनीति के तहत है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश में पांच वितरण कंपनियां है उसमें सबसे ज्यादा घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या दक्षिणांचल व पूर्वांचल में हैं। ऐसे में देश के बडे निजी घराने लगातार प्री बिड कॉन्फ्रेंस और निजीकरण की बैठकों में इस बात पर जोर दे रहे थे की घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में ज्यादा बढोतरी की जाए। जिससे जब उनके द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल को खरीदा जाए तो उनका ज्यादा फायदा हो और आज उपभोक्ता परिषद उसे सिद्ध करने जा रहा है। उपभोक्ता परिषद का तर्क है कि घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि के पीछे देश के बडे निजी घरानो का हाथ है। परिषद ने उन आकड़ों को भी जारी किया है जिसके अनुसार पूर्वांचल व दक्षिणांचल में सबसे ज्यादा घरेलू उपभोक्ता हैं। वहां से वृद्धि के बाद सबसे ज्यादा राजस्व प्राप्त होना है, इसलिए ऐसा कारनामा किया गया है।

परिषद का आरोप है कि निजी घराने लगातार प्री बिड कॉन्फ्रेंस और निजीकरण की बैठकों में इस बात पर जोर दे रहे थे की घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में ज्यादा बढोतरी की जाए जिससे जब उनके द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल को खरीदा जाए तो उनका ज्यादा फायदा हो और आज उपभोक्ता परिषद उसे सिद्ध करने जा रहा है।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पूरे प्रदेश में वर्तमान टैरिफ के हिसाब से कुल 85497 करोड़ का रेवेन्यू प्राप्त होता है, प्रस्तावित बढोतरी के बाद वह 109520 रुपया हो जाएगा। यानी कि लगभग 29 प्रतिशत की राजस्व में वृद्धि होगी। वर्मा का तर्क है कि, अगर पूरे प्रदेश के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की राजस्व में वृद्धि देखा जाए तो पूरे प्रदेश में कुल घरेलू उपभोक्ताओं से जो राजस्व वर्तमान में प्राप्त हो रहा है वह 37407 करोड रुपये है। अब जब बिजली दरों में वृद्धि के बाद प्रस्तावित राजस्व है वह लगभग बढकर 52873 करोड रु. हो जाएगा। ऐसे में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से 41 प्रतिशत वृद्धि राजस्व में हो जाएगी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

**कर्क** – आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** – आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** – आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** – आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** – आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** – आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

**कुंभ** – आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2. 1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।
4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।
5. 1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।
6. 1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।
7. 1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।
8. 1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1. 1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।
3. 1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।
6. 1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वी | णा | | 2 नौ | | 3 तू |
| 4 दो | | | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | | | | र | | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | | |
| ग | | न | | | | 8 फिं |
| | | खे | | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | | | ई |

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

# कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे



● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।

### 2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

## आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प

एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

### जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

### ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

## साइबर धोखाधड़ी रोकने को निकालें समाधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप से डिजिटल गिरफ्तारी और अन्य प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए समाधान निकालने को कहा।

सीतारमण ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) इकाइयों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वित्तीय समावेश को गति देने और भुगतान प्रणाली को दूरदराज के क्षेत्रों तक ले जाने में मदद की है। उन्होंने डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड्स, 2025 समारोह में कहा कि यह सुनिश्चित



● वित्त मंत्री सीतारमण ने की वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों की सफलता की सराहना

करना महत्वपूर्ण है कि स्टार्टअप कंपनियां समाधान लेकर आएं ताकि लोगों को घर पर डिजिटल रूप से गिरफ्तार न किया जाए या रातों-रात कोई उनका पैसा लेकर भाग नहीं जाए। एक और बड़ा खतरा डीप फेक है, जो जनता को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। आज, हमें इन समस्याओं से निपटने का ध्यान देना चाहिए।

### वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनियों का समर्थन करेगी सरकार

केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक की और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्योग को समर्थन देना जारी रखेगी। उन्होंने वित्त-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के संस्थापकों, सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत में फिनटेक उद्योग के लिए कारोबारी सुगमता और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी।

## बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

## भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

**कोलकाता, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक





● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक

(सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



### एक नजर

#### ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

#### पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देथा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

#### आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

#### नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

**चाईबासा (झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा,



● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।

### ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

## सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

**जम्मू, एजेंसी**

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

### अमरनाथ यात्रा

#### चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

# कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आप सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कक्षा निर्माण घोटाले की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कई परिसरों पर छापेमारी की।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। ईडी ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताएं की गईं।

### जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास

आप ने कक्षा निर्माण घोटाले में ईडी की छापेमारी को जनता का ध्यान भटकाने का हताश प्रयास बताया और कहा कि पार्टी नेताओं के खिलाफ आरोप राजनीति से प्रेरित है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने कक्षा निर्माण घोटाले की जांच के तहत कार्रवाई की।

## विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

### अमन और आशा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

# महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

**मुंबई/पुणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

## तकनीकी कारणों से एअर इंडिया की तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**मुंबई।** एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

टोरंटो-दिल्ली उड़ान रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा अधिक होने से रद्द करना पड़ा। दुबई से दिल्ली की उड़ान को तकनीकी और दिल्ली से बाली की उड़ान को बाली के पास ज्वालामुखी विस्फोट से रद्द किया गया है।

# शादी से पहले सोनम ने प्रेमी को किए थे 100 से ज्यादा बार कॉल

**शिलांग, एजेंसी**

मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप गिरफ्तार सोनम ने शादी से पहले संजय वर्मा नामक व्यक्ति को 100 से अधिक फोन कॉल किए थे, जांच में पता चला कि यह उसके प्रेमी राज कुशवाह का छद्म नाम था। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सिम ने बताया, हमें पता चला कि सोनम ने राजा से शादी से पहले संजय वर्मा नामक व्यक्ति को 100 से अधिक फोन कॉल किए थे। शादी के बाद भी कॉल जारी रहीं। पुलिस ने वर्मा का पता लगाने के लिए इंदौर में तलाशी अभियान चलाया, जिसका फोन बंद था। बाद में पता चला कि वर्मा कोई और नहीं बल्कि कुशवाह है, जिसने अपनी प्रेमिका के पति की हत्या की साजिश रची थी। हमारी टीम इंदौर में है और कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि राजा की मौत से किसी को फायदा तो नहीं हो सकता था। जांच दल इंदौर में है ताकि यह पता लगाया जा सके कि 23 मई को हुई राजा की हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग के अलावा कोई वित्तीय मकसद तो नहीं है।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

● पुलिस को जांच में पता चला कि संजय वर्मा कोई और नहीं उसका प्रेमी राज कुशवाह

## नौसेना की नई ताकत




एडवांस एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अरनाला बृहस्पतिवार को आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अरनाला की कमीशनिंग में शामिल हुए। भारतीय नौसेना का मानना है कि अरनाला के उसका हिस्सा बनने से उसकी ताकत में बढ़ोतरी होगी। एजेंसी

### करोड़ों बेकसूरों की मौत के कारण

# दुनिया के पांच सबसे बड़े युद्ध

माना जाता है कि दुनिया में आधुनिक विकासवाद के साथ ही युद्ध की शुरुआत हुई। देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक विचारधाराओं में अंतर और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति ने कई बड़े युद्ध कराए जो बड़े नरसंहार का कारण बने। दुनिया के इतिहास में कई भयंकर युद्ध हुए हैं, लेकिन पांच युद्ध उनमें भाग लेने वाले देशों और मरने वालों की संख्या और प्रभाव के आधार पर सबसे बड़े सबसे विनाशकारी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।



#### चीन-जापान युद्धः 4 करोड़ हत्याएं

7 जुलाई 1937 से 2 सितंबर 1945 तक 8 साल चले इस युद्ध के कारण जापान का चीन पर आक्रमण कर उसके क्षेत्र पर कब्जा करना और मंचूरिया पर जापानी कब्जा और नानजिंग नरसंहार थे। इसमें 2 से 4 करोड़ लोगों के मारे जाने का अनुमान है। नागरिकों पर भारी अत्याचार और जापान का बर्बर सैन्य अभियान इस युद्ध की पहचान थी।

#### नेपोलियन युद्ध : करीब 6 करोड़ की जान गई

फ्रांसीसी क्रांति के बाद नेपोलियन बोनापार्ट के यूरोप पर प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास के चलते ये युद्ध सन् 1803 से 1815 तक 12 साल चला। अनुमान है कि इसमें 3 से 6 करोड़ लोग मारे गए। इसमें फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रिया, प्रशिया जैसे प्रमुख देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप की राजनीतिक संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ।

#### त्रिदशकीय युद्ध : 1 करोड़ लोगों की मौत

सन् 1618 से 1648 के बीच 30 साल तक चले युद्ध के पीछे रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच धार्मिक संघर्ष और जर्मनी में सत्ता और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर विवाद थे। इसमें करीब 1 करोड़ लोग मारे गए। युद्ध में पवित्र रोमन साम्राज्य, स्पेन, फ्रांस, स्वीडन आदि देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप में स्थायी धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हुआ।

#### द्वितीय विश्व युद्धः 7 करोड़ लोगों की मौत

द्वितीय विश्वयुद्ध 1 सितंबर 1939 से शुरू होकर 2 सितंबर 1945 यानी करीब छह साल तक चला था। हिटलर और नाजी पार्टी की आक्रामक विस्तार नीति, जापान और इटली की साम्राज्यवादी आकांक्षाओं के अलावा विश्व इतिहास में इस सबसे बड़े युद्ध का कारण यह भी था कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि से जर्मनी को अत्यधिक अपमानित किया गया था। इस युद्ध में जर्मनी, जापान, इटली बनाम ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और फ्रांस समेत कई देश शामिल थे और करीब 7 करोड़ लोग मारे गए थे। यह युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम के प्रयोग और होलोकॉस्ट में यहूदियों की हत्या के लिए भी जाना जाता है।

#### प्रथम विश्व युद्धः डेढ़ करोड़ जानें गई

प्रथम विश्वयुद्ध 28 जुलाई 1914 को शुरू होकर 11 नवंबर 1918 तक करीब चार साल चला। ऑस्ट्रिया-हंगरी के राजकुमार अर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या और यूरोप में साम्राज्यवाद, राष्ट्रवाद, सैन्यवाद और गुटबंदी की नीति के चलते छिड़े इस युद्ध में करीब डेढ़ करोड़ लोग मारे गए। इसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ओटोमन साम्राज्य बनाम ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, अमेरिका आदि दुनिया के प्रमुख देश शामिल थे। ये युद्ध खाइयों में लड़ाई और दुश्मन के खिलाफ जहरीली गैसों का प्रयोग के लिए भी जाना जाता है।

# ईरान की दो टूक, कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

## खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया, कहा- ईरान का इतिहास जानने वाले उसे कभी धमकी नहीं देते

दुबई, एजेंसी

इजराइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने आत्मसमर्पण करने का अमेरिकी आह्वान बुधवार को खारिज कर दिया। अमेरिका के इस क्षेत्र में और ज्यादा युद्धक विमान भेजने की खबरों के बीच खामेनेई ने चेतावनी भी दी कि संघर्ष में अमेरिका ने सैन्य भागीदारी की तो उसे अपूरणीय क्षति होगी।

एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। अपने वीडियो संदेश में खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को धमकी भरा और बेतुका बताते हुए खारिज करते हुए कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी।

जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा, अगर अमेरिकी सेना इजराइल का साथ देती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने कहा कि देश शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम का संवर्धन जारी रखेगा। बहरीनी ने स्पष्ट रूप से ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया कि ईरान अपने विवादित परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका का कोई भी पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों का निशाना बनाया जा सकता है।



इजराइल के तेल अवीव के पास रामत गण में ईरानी मिसाइल हमलों के डर से तमाम लोगों ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन में शरण ली है।

### तेहरान पर हमले तेज, अब तक करीब 600 की मौत

इस बीच इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच-1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। ईरान ने अभी इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में भी हमले किए, जिसमें मिसाइल भंडारण स्थलों और एक मिसाइल लांचर को नष्ट कर दिया गया।

### ईरान ने दागी 400 मिसाइलें

ईरान ने लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में 24 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए हैं। मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अब तक जान गंवाने वालों में 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में हुई है।



तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले के दौरान बचाव करती इजराइली वायु रक्षा प्रणाली।

### आईएईए महानिदेशक ने कहा- ईरान के पास परमाणु हथियार कार्यक्रम होने का कोई सबूत नहीं

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र निगरानी संस्था ने ऐसा कोई सबूत नहीं पाया है जिससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम की पुष्टि हो, हालांकि स्थिति चिंताजनक है। ग्रॉसी ने ब्लूमबर्ग से कहा, मैंने कहा है कि दुनिया का कोई भी देश 60 प्रतिशत के इस स्तर पर यूरेनियम का संवर्धन नहीं कर रहा है, जो परमाणु हथियार रखने के लिए आवश्यक तकनीकी रूप से लगभग 90 प्रतिशत के बराबर है। ग्रॉसी ने यह भी कहा, हम राजनीतिक विश्लेषक या राष्ट्रीय राजनीतिक अधिकारी नहीं हैं, इसलिए हमारे पास यह कहने के लिए ठोस सबूत होने चाहिए कि परमाणु हथियार बनाने का कोई सक्रिय कार्यक्रम है, जो हमारी जानकारी में नहीं है।

### ट्रंप बोले- अगले सप्ताह कुछ बहुत बड़ा होगा

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को स्पष्ट नहीं किया कि उन्होंने ईरान पर अमेरिकी हमले का आदेश देने का फैसला किया है या नहीं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं ऐसा कर सकता हूं, ऐसा नहीं भी कर सकता हूं। कोई नहीं जानता कि मैं क्या करने जा रहा हूं। ट्रंप ने कहा कि ईरान के लिए अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने में अब भी बहुत देर नहीं हुई है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ट्रंप इजराइल के सैन्य अभियानों में अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, ईरान की परेशानी बढ़ रही है। अगले सप्ताह कुछ बहुत बड़ा होने वाला है।

## ट्रंप ने व्हाइट हाउस में की जनरल मुनीर की मेजबानी

- इस्लामाबाद में बताया जा रहा है पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की मेजबानी की। बंद कमरे में हुई बैठक इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई। इस्लामाबाद तेहरान के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए जाना जाता है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार मुनीर ने व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन पर राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। यह पता नहीं चल पाया कि ट्रंप और मुनीर के बीच बैठक में क्या बात हुई। ट्रंप, इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा की अपनी यात्रा को बीच में छोड़कर मंगलवार सुबह वाशिंगटन लौट आए थे। इससे पहले एक आधिकारिक सूचना में कहा गया था कि ट्रंप दोपहर एक बजे व्हाइट हाउस के कैबिनेट कक्ष में पाकिस्तानी सेना प्रमुख की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करेंगे।

दिलचस्प यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान ट्रंप ने उनसे पूछा कि क्या वह लौटते समय अमेरिका रुक सकते हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं के कारण ऐसा करने में असमर्थता व्यक्त की। फोन पर बातचीत में मोदी ने ट्रंप से कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता के बिना दोनों सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान ने पिछले महीने अपनी सैन्य गतिविधियां रोक दी थीं। मिसरी ने कहा कि मोदी ने दृढ़ता से कहा कि भारत मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

### पीएम मोदी से बात के बाद फिर कहा- भारत पाकिस्तान युद्ध रुकवाया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत करने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में मोदी को शानदार व्यक्ति बताया। कहा, मैंने युद्ध रुकवाया है, मैं पाकिस्तान को पसंद करता हूं। मोदी से मैंने कल रात बात की। हम भारत के मोदी के साथ व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। ट्रंप से पूछा गया कि पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर के साथ बैठक से वह कूटनीतिक रूप से क्या हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। ट्रंप ने मुनीर का जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान की ओर से युद्ध रोकने में इस व्यक्ति का बहुत प्रभाव था।

## एक नजर

### एक्सियोम मिशनः अब 22 को भेजा जा सकता है दल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने के लिए एक्सियोम मिशन चार अब 22 जून को भेजा जा सकता है। डॉ. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक्सियोम स्पेस ने इस मिशन में इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल के बिल्कुल ठीक होने, यात्री दल के स्वास्थ्य, मौसम आदि सहित प्रमुख मापदंडों की जांच और आकलन करने के बाद प्रक्षेपण की संभावित तिथि 22 जून रखे जाने का संकेत दिया है। इसरो ने भी इसी तरह की सूचना दी है।

### काठमांडू में सोने के साथ भारतीय महिला गिरफ्तार

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय महिला को गिरफ्तार कर एक किलोग्राम से अधिक अघोषित सोना बरामद कर लिया गया। नेपाल पुलिस ने बताया कि शारजाह से आ रही एअर अरबिया की उड़ान से मंगलवार रात मीना सुरजीत सिंह खेमानी को हवाई अड्डा सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक किलोग्राम 59 ग्राम सोना जब्त किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान उसके सामान से प्लास्टिक में लपेटा हुआ सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दक्षिणी चीन में आई बाढ़ में हजारों लोग फंसे

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के कस्बों में बाढ़ का पानी भर जाने के बाद बचावकर्मियों ने बुधवार को लोगों को बाहर निकालने और भोजन व पानी मुहैया कराने के लिए रबड़ की नावों का इस्तेमाल किया। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' ने बताया कि भारी बारिश के बाद हुआजी काउंटी में करीब 30,000 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। काउंटी की आधी से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली व इंटरनेट की आपूर्ति बाधित हो गई। सुइजियांग नदी के उफान पर होने से सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं।

## विमान दुर्घटनास्थल से 70 तोले सोने के जेवर, कैश इकट्ठा कर पुलिस को सौंपा

- जोरदार धमाका और आग का गोला उठता देख घटनास्थल पर पहुंचे थे राजेश पटेल

अहमदाबाद, एजेंसी

विमान दुर्घटना के बाद बचाव कार्य में लगे लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर लौटे और सुलगते हुए मलबे से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर इकट्ठे कर पुलिस को सौंप दिए।

दुर्घटनास्थल से 300 मीटर दूर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। पटेल ने बताया, बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं अधिक से अधिक लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि, हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद बचाव कार्य शुरू किया।

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई स्ट्रेचर नहीं था, उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने विमान में सवार लोगों के सामान को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, जले और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, 8-10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें अभियान की निगरानी कर रहे एक पुलिस अधिकारी को सौंप दिया।

## तमिलनाडु सरकार को एडीजीपी के निलंबन पर सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच एम जयराम को निलंबित करने पर राज्य सरकार को बुधवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने जयराम को गिरफ्तार करने के हाईकोर्ट के निर्देश की भी आलोचना की और कहा, ऐसे आदेश चौंकाने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि क्या जांच में पहले ही शामिल हो चुके वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित करना जरूरी था।

## युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता समाधान

- क्रोएशिया में अपने समकक्ष आंद्रेज से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी

जगरेब, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और क्रोएशिया इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं निकल सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और कूटनीति ही इसका एकमात्र रास्ता है।

क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। उन्होंने कहा, हम सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है तथा बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है।

उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। बैठक के दौरान मोदी ने यह भी कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि उन्हें और प्लेंकोविक को पिछले साल क्रमशः भारत और क्रोएशिया की जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिये जनादेश दिया। उन्होंने कहा, इस जनादेश के साथ तीसरे कार्यकाल में हमने द्विपक्षीय संबंधों को तीन गुना गति देने का फैसला किया है।



क्रोएशिया की राजधानी जगरेब पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत किया गया।

## सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

साहित्य अकादमी ने साल 2025 के लिए हिंदी में सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार तथा पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार देने की बुधवार को घोषणा की। सभी 24 भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार और 23 भाषाओं में युवा पुरस्कार देने के लिए रचनाकारों का चयन किया गया है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में कार्यकारी मंडल ने युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए 2025 के पुरस्कार अनुमोदित किए गए। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है।

हिंदी में शुक्ल को कहानी एक बटे बारह के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को कहानी दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड, उर्दू में लेख कौमी सितारे को गज़नफर इकबाल, मैथिली में मुन्नी कामत को कहानी चुक्का के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। बांग्ला में त्रिदिब चट्टोपाध्याय को कहानी एखोनो गाये कांटा देय, गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को कविता टिंचक, मराठी में सुरेश सावंत को कविता आभालमाया और पंजाबी में अमृत पाल सिंह को उपन्यास जादू पत्ता के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया है।



सुशील शुक्ला



पार्वती तिर्की

**बड़ी उपलब्धि** ब्रिटेन की टी 4 एजुकेशन संस्था ने समाज में व्यापक योगदान देने वाले टॉप टेन स्कूलों की सूची की जारी

# वाराणसी के डीपीएस समेत देश के 4 स्कूल विश्व में सर्वश्रेष्ठ

## हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक का भी एक-एक स्कूल सूची में शामिल

लंदन, एजेंसी

भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को बुधवार को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। इन स्कूलों में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के स्कूल शामिल हैं।

विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी। इनमें शामिल हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-एनआईटी 5 को पोषण कार्यक्रमों, शारीरिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को शिक्षा के साथ जोड़कर जोखिम के दायरे में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने के लिए चुना गया है। यह विद्यालय स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार के लिए 10 अंतिम प्रतिभागियों की सूची में है। पुणे के निकट खेड़ तालुका में स्थित जेडपी स्कूल, जालिंदर नगर को विषय मित्र प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सार्वजनिक-स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मान्यता दी गई है। विषय मित्र प्रणाली एक सहकर्मी-शिक्षण मॉडल है, जहां विभिन्न आयु के छात्र एक-दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

एक्या स्कूल, जे पी नगर, बेंगलुरु में एक स्वतंत्र किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय है, जो मानव-केंद्रित डिजाइन प्रक्रियाओं और कौशल विकास को एकीकृत करने वाले 'डिजाइन थिंकिंग' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को नवीन विचारक और सक्रिय समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बना रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी को जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के वास्ते शीर्ष 10 की सूची में स्थान मिला है।




फरीदाबाद का आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

### बदलाव लाने वाले स्कूल चुने जाते हैं पुरस्कार के लिए

विश्व के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय कार्रवाई, नवाचार, प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और स्वस्थ जीवन को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन आधारित 'टी4 एजुकेशन' द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर उन स्कूलों को एक मंच देने के लिए की गई थी जो अपनी कक्षाओं और उससे पूरे जीवन को बदल रहे हैं। टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा के मुताबिक एआई द्वारा उलटी जा रही दुनिया में प्रौद्योगिकी हमारे सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है और सदियों से चली आ रही नौकरियों को अप्रचलित बना रही है।